



# दैनिक छत्तीसगढ़ गौरव

डाक पंजीयन क्रमांक :जी2-112/सी.जी/बी.एल.पी./032/ 2023-2026 website:- chhattisgarhgaurav.in

वर्ष 25 अंक 137 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रूपये मंगलवार 19 अगस्त 2025 डाक- बुधवार 20 अगस्त 2025 chhattisgarhgaurav@rediffmail.com



इंदौर स्वीट्स

नमकीन और मिठाईयों की लंबी श्रृंखला के बाद अब केशर कुल्फी और दही कचौड़ी

हमारा विश्वास हैं

एक बार खाऐंगे, बार-बार आऐंगे...

पावर हाऊस रोड, कोरबा

फोन-222833,222733


## प्रथमेश

### तुर्की में जंगल की आग के कारण कई गांव खाली कराए गए

इस्तांबुल ,19 अगस्त । तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत कानक्काले में भड़की जंगल की आग के कारण पांच गांवों को खाली कराना पड़ा है। कानक्काले के गवर्नर ओमर तोरामन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि आग बुझाने के लिए 11 विमान और 10 हेलीकॉप्टर जमीनी कर्मचारियों के साथ तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैल रही थी, इसलिए एहतियात के तौर पर गांवों को खाली करा लिया गया। मौसम रिपोर्टों के अनुसार, इस क्षेत्र में हवाएं लगभग 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। इस बीच, तुर्की के कृषि और वानिकी मंत्री इब्राहिम युमाकली ने 'एक्स' पर पोस्ट करके बताया कि आग पर जल्द काबू पाने के लिए काम किया जा रहा है। इसके लिए बिना किसी रुकावट और पूरी ताकत के साथ काम किया जा रहा है। कोकेली और बर्सा के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों के साथ, कानक्काले पिछले एक महीने में अत्यधिक गर्मी, कम आर्द्रता और तेज हवाओं के कारण जंगल की आग से जूझ रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, युमाकली ने कहा कि कोकेली में शुक्रवार को लगी जंगल की आग पर शनिवार तक काबू पा लिया गया था।

# नांदेड़ में भारी बारिश के बाद 200 से अधिक लोग फंसे, बचाव कार्यों के लिए सेना बुलाई गई

नांदेड़ ,19 अगस्त (एजेंसी)। जिले में भारी बारिश के बीच विभिन्न गांवों में 200 से अधिक लोग फंस गए हैं, जिसके बाद प्राधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए भारतीय सेना की मदद लेनी पड़ रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार और मंगलवार को भारी बारिश का अनुमान जताते हुए नांदेड़ जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में पिछले कुछ घंटों से हो रही भारी बारिश ने चिंताजनक स्थिति पैदा कर दी है। नांदेड़ के मुखेड़ तालुका में रविवार रात बादल फटने से हुई बारिश के कारण छह गाँव पानी में डूब गए हैं। जलस्तर बढ़ने के कारण इन नागरिकों को बचाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को बुलाया गया है और छोटी नावों और



नावों की मदद से नागरिकों को निकालने का अभियान शुरू किया गया है।

नांदेड़ जिले में भारी बारिश के बीच विभिन्न गांवों में 200 से अधिक लोग फंस गए हैं, जिसके बाद प्राधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए भारतीय सेना की मदद लेनी पड़ रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार और मंगलवार को भारी बारिश का अनुमान जताते हुए नांदेड़ जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

नांदेड़ के जिलाधिकारी राहुल कार्डिले ने कहा कि जिला प्रशासन ने बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए भारतीय सेना की एक टुकड़ी बुलाई है। उन्होंने कहा, ''नांदेड़ के मुखेड इलाके में 15 सदस्यों वाली सेना की एक टुकड़ी तैनात की जाएगी। बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। मैंने पड़ोसी राज्य तेलंगाना के सिंचाई विभाग के सचिव से फोन पर बात की है।''

जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने रविवार को भारी बारिश के बीच मुखेड तालुका के रावणगांव और हसनाल गांवों में फंसे 21 लोगों को बचाया। उन्होंने बताया कि तालुका के रावणगांव, हसनाल, भासवाडी और भिंगोली गांवों में 200 से अधिक लोग फंसे हुए हैं और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, ''जरूरत पड़ने पर लातूर में तैनात बचाव दलों को हम यहां बुलाएंगे।

बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है और हमें हदगांव, हिमायतनगर और किनवट में टीम की जरूरत पड़ सकती है। गोदावरी बेसिन के किनारे बसे गांवों को अलर्ट कर दिया गया है।'' रविवार को छत्रपति संभाजीनगर, जालना, नांदेड़ और परभणी जिलों के 80 राजस्व मंडलों में 65 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई। नांदेड़ के मार्खेल सर्कल में सबसे अधिक 154.75 मिलीमीटर बारिश हुई।

# अब बचे हुए खाने के तेल से उड़ेंगे विमान, भारत में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल प्रोडक्शन को मिली मंजूरी



नई दिल्ली ,19 अगस्त (एजेंसी)। आमतौर पर लोग खराब या इस्तेमाल किया हुआ खाने का तेल फेंक देते हैं, लेकिन अब इसी तेल का इस्तेमाल हवाई जहाज उड़ाने में होगा। देश की सबसे बड़ी रिफाइनिंग और ईंधन विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) को इसकी अनुमति मिल गई है। हरियाणा के पानीपत स्थित रिफाइनरी को सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) बनाने के लिए इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन मिला है।

इस तरह का सर्टिफिकेशन पाने वाली आईओसी भारत की पहली कंपनी बन गई है। यह मान्यता अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और कार्बन प्रमाणन (आईएससीसी) कॉर्सिया की ओर से दी गई है। आईओसी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि पानीपत रिफाइनरी से इस साल दिसंबर तक खाने के इस्तेमाल किए हुए तेल से विमान का ईंधन बनना शुरू हो जाएगा।

## नेहरू ने की थी पाकिस्तान की मदद, सिंधु जल संधि को लेकर पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला



नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि के मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा। उन्होंने संसद या अपने मंत्रिमंडल को विश्वास में लिए बिना पाकिस्तान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू की आलोचना की।

सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कहा कि नेहरू ने देश के हित की कीमत पर अपनी छवि चमकाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक जल का उपयोग पाकिस्तान को करने की अनुमति दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी ने इस संधि को स्थगित कर दिया है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उस दौर के पापों को धो रही है। उन्होंने ये भी कहा कि बाद में नेहरू ने अपने एक सहयोगी से कहा कि उन्हें विश्वास था कि यह समझौता पाकिस्तान के साथ अन्य मुद्दों को सुलझाने में मदद करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## मुंबई में बारिश के साथ बढ़ा बीमारियों का खतरा! जनवरी से अगस्त तक मलेरिया, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या बढ़ी

मुंबई ,19 अगस्त (एजेंसी)। बारिश कई लोगों के लिए वरदान है तो कई लोगों की जिंदगियों में इससे तबाही आ जाती है। मुंबई में भारी बारिश ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, गोरेगांव, लोखंडवाला, अंधेरी में वीरा देसाई रोड पर मृणालताई गोरे फ्लाईओवर के नीचे के इलाकों और माटुंगा, चेंबूर, खार, दादर पूर्व और कुर्ला के कई हिस्सों में पानी भर गया। बारिश के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है और ये मच्छर कई तरह की बीमारियों को भी जन्म देते हैं।

मुंबई में जनवरी-अगस्त 2025 के बीच मलेरिया,



चिकनगुनिया और हेपेटाइटिस के मामलों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है। नगर निकाय ने सोमवार को यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने 'मानसून-संबंधी बीमारियों' पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि हालांकि समीक्षाधीन अवधि के दौरान डेंगू, लेप्टोस्पायरोसिस (एक जीवाणु संक्रमण जो लेप्टोस्पाइरा नामक बैक्टीरिया के कारण होता है) और गैस्ट्रोएंटेराइटिस (पेट का फ्लू) के मामलों में गिरावट देखी गई। नगर निकाय ने बताया कि शहर में 2025 के पहले आठ महीनों (14 अगस्त तक) के दौरान डेंगू के 1,564 मामले दर्ज किए गए जो पिछले साल इसी अवधि में दर्ज किए गए 1,979 मामलों से कम है। इसके अलावा, इसी अवधि में लेप्टोस्पायरोसिस के 316 मामले (पिछले साल 553) और गैस्ट्रोएंटेराइटिस के 5,510 मामले (6,133) दर्ज किए गए, जो गिरावट का संकेत है। आपको बता दें कि देश भर में मानसून का कहर जारी है, और सबसे ज़्यादा महाराष्ट्र प्रभावित हुआ है। मुंबई में सिर्फ़ आठ घंटों में 177 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे सड़कें जलमग्न हो गईं और तालाबों में तब्दील हो गईं। यातायात की गति धीमी हो गई है, जिससे कई लोग घरों के अंदर ही रहने को मजबूर हैं। लगातार हो रही बारिश ने हवाई और रेल सेवाओं को भी बाधित कर दिया है, कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और कम दृश्यता के कारण लोकल ट्रेनें देरी से चल रही हैं। तत्काल राहत की कोई उम्मीद न होने के कारण, आईएमडी ने मुंबई, ठाणे, पालघर और नवी मुंबई में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने शहर और उसके उपनगरों के सभी स्कूल और कॉलेज बंद करने की भी घोषणा की है।

## आसाराम की अहमदाबाद सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच, अदालत ने 29 अगस्त तक बढ़ाई अंतरिम जमानत

अहमदाबाद,19 अगस्त (एजेंसी)। गुजरात और राजस्थान में बलात्कार के दोषी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय आसाराम की हालत गंभीर बनी हुई है। इसलिए उन्हें मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल लाया गया है। इससे पहले उन्हें इंदौर के जुपिटर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। राजस्थान उच्च न्यायालय ने आज, 8 अगस्त को गुजरात और राजस्थान में बलात्कार के दोषी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने उनकी अंतरिम ज़मानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी। इसके अलावा, सूरत बलात्कार मामले



में गुजरात उच्च न्यायालय ने 7 अगस्त को आसाराम की अस्थायी ज़मानत 21 अगस्त तक बढ़ा दी। आसाराम ने चिकित्सा आधार पर ज़मानत बढ़ाने का अनुरोध किया था और अस्पताल व डॉक्टर के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। सरकारी वकील ने इन प्रमाण पत्रों की जाँच के लिए समय माँगा था।

इस मामले में आगे की सुनवाई 21 अगस्त को होगी, इसलिए अस्थायी ज़मानत तब तक के लिए बढ़ा दी गई है। इस प्रकार, उच्च न्यायालय ने आसाराम की ज़मानत तीसरी बार बढ़ा दी है। इससे पहले 27 जून को उच्च न्यायालय ने ज़मानत 7 जुलाई तक बढ़ा दी थी। उसके बाद 3 जुलाई को उच्च न्यायालय ने आसाराम की ज़मानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी। अब आज (7 अगस्त, 2025) ज़मानत तीसरी बार बढ़ा दी गई है।

मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश आसाराम की ओर से वकील निशांत बोराडा ने अदालत में नवीनतम मेडिकल रिपोर्ट पेश की।





## संसद में वोट चोरी पर हल्लाबोल, विपक्षी सांसदों पर बरसे ओम बिड़ला, कहा– जनता ने सरकारी संपत्ति तोड़ने के लिए नहीं भेजा

नई दिल्ली,19 अगस्त (एजेंसी)। बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और वोट चोरी के मुद्दे पर सोमवार को संसद में खूब हंगामा हुआ। विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को दोनों सदनों में कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो सका और अपराह्न दो बजे के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा में इसी मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी थी। दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन समवेत हुआ, अध्यक्ष ओम



बिड़ला ने कहा कि सदन में अब अंतरिक्ष कार्यक्रम पर विशेष चर्चा होगी। इसी के साथ विपक्षी सदस्य शोरगुल करते हुए कांग्रेस, समाजवादी, द्रमुक और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य सदन बीचोंबीच आ गए। कई सदस्य तख्तियां दिखा रहे थे, जिन पर वोट चोरी के विरोध में नारे लिखे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा कि यह प्रश्नकाल है।

जितनी जोर से आप नारेबाजी कर रहे हैं, उतना जोर लगाकर यदि प्रश्न पूछेंगे तो देश की जनता का कल्याण होगा। ओम बिड़ला ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों से नाराजगी जताते हुए कहा कि आपको जनता ने सरकारी संपत्ति तोडने के लिए नहीं भेजा है। मैं चेतावनी दे रहा हूं कि किसी भी सदस्य को यह विशेषाधिकार नहीं है कि वह सरकारी संपत्ति को तोडने का प्रयास करे। उन्होंने विपक्षी सांसदों को चेतावनी दी, 'अगर आपने सरकारी संपत्ति को तोडने का प्रयास किया तो मुझे कुछ निर्णायक कदम उठाने पड़ेंगे और देश की जनता यह सब देखेगी। कई विधानसभाओं के अदंर इस तरह की घटनाओं पर सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। सरकारी संपत्ति को तोडने का प्रयास नहीं करें।



### वाह वाह

०० बिहार में शादी हो रही थी।

उस शादी में दुल्हन का प्रेमी भी आया थाज

दुल्हन का बाप- आप कौन हैं?

प्रेमी- जी मैं सेमी फाइनल में फेल हो गया था, फाइनल देखने आया हूंज

प्रेमी का जवाब सुनकर दुल्हन का बाप बेहोश हो गया।

## भारत की तीन समस्याओं को दूर करेगा ड्रैगन, ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच चीन का वादा

नई दिल्ली,19 अगस्त (एजेंसी)। भारत-चीन रिश्तों में सुधार की दिशा में एक अहम पहल सामने आई है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार चीन ने भारत की तीन प्रमुख मांगों रेयर अर्थ्स, उर्वरक और टनल बोरिंग मशीनों को मान लिया है। सोमवार को भारत पहुंचे चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने यह भरोसा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को दिया है। दोनों ही देश वैश्विक परिस्थियों को ध्यान में रखते हुए अपने रिश्तों में सुधार चाहते हैं।

नई दिल्ली में हुई वार्ता के दौरान जयशंकर ने स्पष्ट किया



कि बातचीत में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों के अलावा तीर्थयात्रा, लोगों के बीच संपर्क, नदी डेटा साझा करना, सीमा व्यापार, कनेक्टिविटी और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। जयशंकर ने जुलाई में अपनी चीन यात्रा के दौरान उठाई गई चिंताओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक अवरोध और प्रतिबंधात्मक उपायों को हटाने की जरूरत है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन जैसे पड़ोसी और वैश्विक अर्थव्यवस्था के बड़े खिलाड़ी स्थिर और रचनात्मक संबंधों से पूरी दुनिया को लाभ पहुंचा सकते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मतभेदों को विवाद में और प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में नहीं बदलना चाहिए। भारत-चीन संबंध 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध के बाद से तनावपूर्ण रहे हैं। हालांकि हाल के महीनों में दोनों देशों ने तनाव कम करने के लिए कदम उठाए हैं। 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले गश्ती व्यवस्था को लेकर हुआ समझौता इस दिशा में एक अहम कदम माना गया।

## जालंधर में बस और मिनी ट्रक के बीच भीषण टक्कर, हादसे में तीन लोगों की मौत

जालंधर,19 अगस्त (एजेंसी)। कपूरथला-जालंधर रोड पर मंगलवार सुबह मंड गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

गुस्साए लोगों ने सड़क बंद कर प्रदर्शन किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बस गलत दिशा से आ रही थी और उसने सामने से आ रहे मिनी ट्रक (छोटे हाथी) को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी ट्रक वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीनों लोगों



की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे का कारण बस चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। मिनी ट्रक को काट कर तीनों के शवों को बाहर निकाला गया।

मृतकों की पहचान कपूरथला सब्जी मंडी से जुड़े व्यापारियों के रूप में हुई है। वह तीनों सुबह मकसूदां मंडी से सब्जियां लेकर जा रहे थे। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच होगी और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। हादसे के बाद से बस चालक फरार है।

# शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं तथा निगम के विकास कार्ये में गति लाएं-उद्योग मंत्री

## उद्योग मंत्री ने ली निगम के अधिकारियों की बैठक, वार्ड-बस्ती व शहर विकास के कार्यो, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं आमजनता की समस्याओं से जुडे प्रकरणों की निराकरण की विस्तार से की समीक्षा

कोरबा (छ.ग.गौरव)। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे आमजनता की समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों का शीघ्र निराकरण कराएं तथा जनता की अपेक्षाओं, उनकी मांगों व आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। उन्होने कहा कि वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, समयसीमा में कार्यो को पूरा करें एवं जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज जिला पंचायत कोरबा के सभागार में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो की कार्य प्रगति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व प्राप्त परिणामों तथा आमजनता की समस्याओं से जुड़े विषयों व उनके निराकरण संबंधी कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व पार्षद नरेन्द्र देवांगन भी उपस्थित थे। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विकास कार्यो, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं निगम से जुड़े विभिन्न कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की बिन्दुवार जानकारी बैठक में प्रस्तुत की तथा निगम द्वारा किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की मदवार व जोनवार जानकारी उद्योग मंत्री श्री देवांगन को दी। बैठक के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, 15वे वित्त आयोग मद, प्रभारी मंत्री मद, विधायक मद, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद, राजस्व व आपदा प्रबंधन मद, निगम मद, एन.सी.ए.पी. मद सहित अन्य विभिन्न मदो के अंतर्गत प्रस्तावित, स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जोनवार जानकारी लेते हुए कार्यो की वर्तमान प्रगति की सघन रूप से समीक्षा की। मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि प्रगतिरत निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें एवं समयसीमा में कार्यो को पूरा कराएं। उन्होने कहा कि जो कार्य स्वीकृत हैं, उनकी निविदा आदि की प्रक्रिया में तेजी लाएं एवं जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराएं।



बिना भेदभाव के सभी वार्डो में हो विकास कार्य - बैठक के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारा संकल्प है कि निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराएं जाएं, वार्डो के नागरिकों की मांग व उनकी आवश्यकता को देखते हुए विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार हों एवं वार्डवासियों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर विकास के बड़े कार्यो के साथ-साथ वार्ड व बस्तियों में सी.सी. रोड, नाली, स्ट्रीट लाईट, विद्युत विस्तार, पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शेड, चबूतरा, सामुदायिक भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यो पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने निगम के जोन स्तर पर वार्ड पार्षदों के साथ बैठक आयोजित करने तथा वार्डवार विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा, समस्याओं व शिकायतों के निराकरण की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

टी.पी.नगर निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं - उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियों से कहा कि कोरबा में नया टी.पी.नगर का निर्माण शीघ्र हो, यह अतिआवश्यक है, अतः नया टी.पी.नगर निर्माण की कार्यप्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाएं ताकि उक्त महत्वपूर्ण कार्य को मूर्त रूप दिया जा सके। उन्होने कहा कि जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत प्रस्तावित तथा 36 करोड़ रूपये की लागत वाली पेयजल विस्तार योजना में रापाखर्रा ढेलवाडीह सहित अन्य सभी दूरस्थ बस्तियों को शामिल किया जाए ताकि इन सभी बस्तियों में पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मंत्री श्री देवांगन ने निगम की जल आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े कार्यो की विस्तार से समीक्षा की एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं - उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने निगम की सफाई व्यवस्था व साफ-सफाई से जुड़े कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में देश में कोरबा के 8 वें स्थान पर आने, वाटर प्लस व थ्री स्टार रैंकिंग प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि कोरबा को यह उपलब्धि यहॉ के जागरूक नागरिकबंधुओं की जागरूकता, निगम के अधिकारी कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों की मेहनत तथा निगम की महापौर, पार्षदगणों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन व सहयोग से प्राप्त हुई है किन्तु हमें कोरबा को अभी और आगे लेकर जाना हैं, और अधिक परिश्रम करना है। उन्होने कहा कि निगम की सफाई व्यवस्था में बेहतर कसावट लाएं, शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति लगातार सजग रहते हुए कार्य करें ताकि आगामी वर्ष में कोरबा को और अधिक बेहतर परिणाम मिल सके।

शासकीय योजनाओं की समीक्षा - उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन आदि सहित शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए योजनाओं की कार्यप्रगति में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने शासन की विभिन्न आर्थिक सहायता व पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों तथा उन्हें समय पर पेंशन मिल रही है या नहीं, कहीं कोई अवरोध तो नहीं है, आदि की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ पहुंचाने, विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर पेंशन प्रदान करने आदि की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

ट्रिपल इंजन की सरकार का लाभ लोगों के मिले, यह हमारा संकल्प - बैठक के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि केन्द्र, राज्य व निगम में हमारी सरकार है, अतः इसका पूरा-पूरा लाभ निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिले, इस संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के सहयोग से निगम क्षेत्र के विकास हेतु लगातार धनराशि प्राप्त हो रही है, जिसके लिए मैं उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। उन्होने कहा कि सहज व सरल स्वभाव रखने वाले उद्योग मंत्री श्री देवांगन क्षेत्र के विकास व निर्माण कार्यो के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं तथा कार्यो की गुणवत्ता पर उनकी विशेष नजर रहती है, अतः गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, वार्ड के पार्षदों की बातों को गंभीरता से सुने, उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएं।

बैठक के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, एन.के.नाथ, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, सुनील टांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा, पीयूष राजपूत, लीलाधर पटेल, यशवंत जोगी, गोयल सिंह विमल, राजस्व निरीक्षक अजय अग्रवाल, अविनाश जायसवाल, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, संजय ठाकुर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वच्छता अभियान जारी, स्टेशनों पर रैली और जनजागरूकता कार्यक्रम

बिलासपुर,19 अगस्त (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस-2025 के उपलक्ष्य में रेलवे मंडल के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। यह विशेष अभियान 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक लगातार चलाया जाएगा। अभियान के पहले दिन मंडल के प्रमुख स्टेशनों और कालोनियों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिलासपुर, चांपा, मनेन्द्रगढ़, कोरबा और रायगढ़ सहित कई स्टेशनों पर स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें रेलवे अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रैली के माध्यम से यात्रियों और आमजन को स्वच्छता के महत्व का संदेश





दिया गया। इसी क्रम में स्टेशनों पर स्वच्छता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने कहा, स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की आदत और जिम्मेदारी बननी चाहिए। रेलवे परिसर को स्वच्छ रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और इस अभियान में जनता की भागीदारी ही इसकी वास्तविक सफलता है। रेलवे प्रशासन का मानना है कि यह अभियान केवल स्टेशनों और परिसरों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सार्थक पहल है।

# छात्रों पर अतिरिक्त बोझः हॉस्टल प्रवेश से पहले 3000 भोजन शुल्क अनिवार्य, भड़का आक्रोश

रायपुर,19 अगस्त (एजेंसी)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के छात्र इन दिनों विश्वविद्यालय प्रशासन की नई व्यवस्था को लेकर नाराज़ हैं। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित छात्रावास (हॉस्टल) में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों से जबरन 3000 भोजन शुल्क जमा कराने की शर्त रखी गई है। बिना इस शुल्क का भुगतान किए हॉस्टल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।




छात्रों का कहना है कि यह शुल्क केवल दो समय के भोजन के लिए निर्धारित है, जबकि इसकी वास्तविक लागत की तुलना में यह राशि कहीं अधिक है। सामान्य और मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह शुल्क भारी आर्थिक बोझ साबित हो रहा है।

ज्ञापन देने वाले छात्रों ने बताया, शिक्षा और हॉस्टल सुविधा का उद्देश्य छात्रों को राहत और सहयोग देना होता है। लेकिन यहाँ पर जबरन भोजन शुल्क वसूलकर प्रवेश से वंचित करने जैसी स्थिति बनाई जा रही है। यह सरासर अन्याय है।

छात्रों का यह भी कहना है कि हॉस्टल प्रवेश प्रक्रिया छात्रों के लिए सहज और किफायती होनी चाहिए, ताकि हर वर्ग के विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया यह निर्णय छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डाल रहा है।

मामले को लेकर छात्र समुदाय ने कुलपति को लिखित में आवेदन देकर इस शुल्क की समीक्षा की मांग की है। इसके साथ ही छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय के सामने सांकेतिक प्रदर्शन भी किया और अपनी नाराज़गी जाहिर की। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कोई सकारात्मक समाधान नहीं निकाला गया, तो वे विवि परिसर में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस पूरे घटनाक्रम ने विश्वविद्यालय के छात्रों में असंतोष का माहौल खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की मांग पर क्या कदम उठाता है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको परिवार के लोगों से सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ किसी तीर्थस्थल पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग टूर एंड ट्रेवलिंग का बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आप कोई नया वाहन खरीदने के लिये जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं।

वृष राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो शिक्षक हैं, वो आज छात्रों को कुछ नया सिखायेंगे । घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है। आज शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। वहीं जो लोग स्वीट्स का बिजनेस कर रहे हैं, उनको अच्छा मुनाफा होगा।

मिथुन राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको खुद पर ध्यान रखने की जरूरत है। आज आप अपनी जरूरत की चीजों को संभाल कर रखें , जिससे जरूरत पड़ने पर वो आसानी से मिल जाएं। ऑफिस जाते समय सामान और जरूरी पेपर को लेना न भूलें। आज आप भावनाओं को कंट्रोल में रखें , वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं।

कर्क राशिः आज का दिन कुछ मिला- जुला रहने वाला है। आपका पूरा दिन भाग- दौड़ में बीतेगा। अगर आप किसी जरूरी काम के लिए जा रहें हैं तो पहले पेपरवर्क पूरा कर लें , जिससे बाद में कोई दिक्कत न आये 7 आज कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि बड़ों की सलाह लेकर ही शुरुआत करें, इससे काम सही और समय से पूरा होगा।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें। उचित मेहनत से आपके काम में आई रुकावट से भी पार पा लेंगे। जो लोग कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं, उनका प्लान किसी कारणवश कैंसिल हो सकता है।

कन्या राशिः आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस में आप नया निवेश करने का विचार बना सकते हैं। आप अपनी रुटीन लाइफ में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। जहां जरूरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे, इससे आपको काफी फायदा भी होगा।

तुला राशिः आज का दिन ठीक रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में आपके कार्यों को लेकर सतर्क रहें। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस होगी, आपके काम की गति कुछ धीमी हो सकती है। आज वाहन चलाते समय आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए।

वृश्चिक राशिः आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। परिवार के किसी खास व्यक्ति के बारे में आपको कुछ रोचक बात पता चल सकती है। आज आप ज्यादातर काम आसानी से निपटाने में सफल रहेंगे। आपका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा। आज अपने पुराने कामों का फॉलोअप ले सकते हैं। अपनी प्रेजेंटेशन और प्लान किसी के सामने रखने से पहले एक बार चेक जरूर कर लें। किसी काम के लिये आपकी कोशिश सफल होंगी।

धनु राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको कुछ अलग तरह के अनुभव हो सकते हैं। अधिकारियों से अपनी बात कहने के लिए आज का दिन अच्छा है। परिवारिक मामलों में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। इस राशि के जो लोग लेखन के क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं उनके लिए आज अपनी प्रतिभा को निखारने का दिन है। आज किसी से बेवजह की बातें न करें, जितना हो सके इन सबसे से दूर रहें। अगर आप खुद की कोई फर्म खोलना चाहते हैं, तो आपको अपने बड़े भाई से सहयोग मिल सकता है।

कुंभ राशिः आज खुशियां खुद चलकर आपके सामने आयेंगी। आपकी इनकम बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपको किसी नये बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है। इसका आपको आने वाले दिनों में काफी फायदा होगा। अगर आप कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे, तो मित्रों के साथ साझा करने से आपको राहत मिलेगी। अगर आप आईटी फिल्ड से जुड़े हैं, तो महत्वपूर्ण लोगों से आपके कॉन्टैक्ट के योग बन रहे हैं।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस में नए एग्रीमेंट होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी । कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी। आप किसी पार्ट टाइम वर्क की शुरूआत कर सकते हैं, धैर्य और संयम बनाकर रखें।

# सतर्कता की शुरुआत स्वयं से होती है - पी दयानन्द

## सचिव, खनिज साधन विभाग एवं जनसम्पर्क विभाग के करकमलों से एसईसीएल में तीन-माह के निवारक सतर्कता अभियान का हुआ शुभारंभ

बिलासपुर,19 अगस्त (एजेंसी)। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में 18 अगस्त को केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पी दयानन्द, सचिव, माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, खनिज साधन विभाग एवं जनसम्पर्क विभाग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की अध्यक्षता एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन द्वारा की गई। इस अवसर पर सुनील जैन, आयुक्त, बिलासपुर संभाग, एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन की विशिष्ट उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। तत्पश्चात कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत बजाया गया।

इसके उपरांत सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन द्वारा सभी उपस्थितों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि पी दयानंद ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में पीएसयू हो या राज्य शासन, चीजों का पारदर्शी होना बेहद आवश्यक है। और इस प्रकार के आयोजन से निश्चित रूप से सतर्कता एवं पारदर्शी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलता है। उन्होने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एवं राज्य शासन दोनों ही एक दूसरे के पूरक है तथा क्षेत्र के विकास के लिए इन दोनों में परस्पर सहयोग एवं समन्वय बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन ने कहा कि मैं टीम एसईसीएल के हर सदस्य से यह आह्वान करना चाहूँगा कि हम जो भी करें नियम एवं नीति के दायरे में रहकर पूरी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के साथ करें।

राज्य शासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होने कहा कि एसईसीएल को अपने कार्यसंचालन को बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन से निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलता रहता है। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष हम मेगाप्रोजेक्ट्स में भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेज़ी ला पाए हैं। इस दौरान उन्होने भू-अधिग्रहण एवं अन्य क्षेत्रों में राज्य शासन से वांछित सहयोग से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस वर्ष के अभियान की थीम सतर्कता- हमारी साझा ज़िम्मेदारी निर्धारित की गई है। इस वर्ष के अभियान के पाँच प्रमुख बिंदुओं हैं लंबित शिकायतों का निपटान, लंबित केसों का निपटान, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का संचालन, संपत्तियों का प्रभावी प्रबंधन, और डिजिटल पहलों को बढ़ावा देकर कार्यप्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाना।

सतर्कता विभाग द्वारा एसईसीएल में कार्यसंचालन को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं जैसे कोयले की गुणवत्ता में सुधार के लिए थर्ड पार्टी टेस्टिंग, सीसीटीवी निगरानी और रियल टाइम सुपरविजन जैसे उपायों से पारदर्शी प्रणाली विकसित की गई है। खरीद प्रक्रियाओं में एसओपी आधारित बिल प्रोसेसिंग, एफआई एफओ क्लियरेंस और ट्रक आधारित ट्रैकिंग लागू की गई है। संपत्ति प्रबंधन को मजबूत करने के लिए मशीनों का सत्यापन और डिजिटल टैगिंग की गई है। जटायु डैशबोर्ड, डिजीकोल और इंटेग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से संचालन एवं निगरानी को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया गया है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सतर्कता) नागेश्वर राव सहित मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षाकर्मी भर्ती 2011 प्रक्रिया के तहत निलंबित शिक्षकों को किया जाए बहाल

## प्रशासन की गलती के कारण नियुक्ति पा चुके अभ्यार्थियों का भविष्य बर्बाद, संघर्षशील निलंबित शिक्षाकर्मी संघ पाली की पत्रकारवार्ता

कोरबा (छ.ग.गौरव)। प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान संघर्षशील निलंबित शिक्षाकर्मी संघ पाली के नरेंद्र राठौर, प्रदीप भास्कर, जितेंद्र वैष्णव सहित अन्य ने कहा कि शिक्षाकर्मी भर्ती 2011 प्रक्रिया के तहत निलंबित शिक्षकों को बहाल किया जाए। वर्ष 2009-10 में जनपद पंचायत पाली में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 की नियुक्ति के लिए 5 फरवरी 2011 एवं 7 फरवरी 2011 को काउंसिलिंग आयोजित की गई थी एवं नियुक्ति पत्र जारी किया गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता बरते जाने के फलस्वरूप कलेक्टर कोरबा द्वारा दिनांक 6 अप्रैल 2011 को छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 85 (1) के तहत भर्ती प्रक्रिया को निलंबित किया गया। जिसके तहत नियुक्ति प्राप्त शिक्षकों को भी निलंबित कर दिया गया। उक्त कार्यवाही के विरुद्ध उनके द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी। उच्च न्यायालय बिलासपुर के डिवीजन बेंच द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2013 को आदेश पारित किया गया, जिसमें निर्णय दिया गया कि कलेक्टर कोरबा




द्वारा की गई कार्यवाही उचित है, फिर भी यदि नियम अनुमति देता हो एवं कोई मेरिट लिस्ट उपलब्ध हो और पद रिक्त हो तो प्रशासन गुणदोष के आधार पर नियुक्ति कर सकता है। चूंकि आज तक कोई नियुक्ति या बहाली की कार्यवाही नहीं अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा छ.ग. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को आवेदन दिया गया था। वहां से जांच हेतु पत्र भी आ गया था, परंतु पत्र क्रमांक 816 दिनांक 22 नवंबर 2014 पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया। फिर उनके द्वारा वर्ष 2015 में हाईकोर्ट में पुनः अपील की गयी जो इनके झूठे शपथ पत्र के अधार पर खारिज हो गया। इनके द्वारा झूठा हलफनामा तात्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाली एमआर कैवर्त द्वारा दिया गया कि कोई चयन सूची जनपद पंचायत पाली द्वारा जारी नहीं किया था। जबकि कोर्ट का निर्णय 22 नवंबर 2023 को आने के पश्चात् उन्हें सूचना के अधिकार के तहत चयन सूची जनपद पंचायत पाली द्वारा उपलब्ध करा दिया गया। चूंकि चयन सूची उपलब्ध रहने के बाद भी कोर्ट में झूठा हलफनामा दिया गया जो इनके कार्यप्रणाली पर सवाल उठता है। उनके द्वारा हाईकोर्ट में रिव्यु पिटिसन भी दायर किया गया, लेकिन कोर्ट द्वारा इस पिटिसन को खारिज कर दिया गया। चूंकि चयन सूची उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें बहाल नहीं किया गया और 126 अभ्यार्थियों ने स्कूलों में पदभार भी ग्रहण कर लिया था, जो आज तक अपनी बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कोई गलती नहीं हुई थी, प्रशासन की गलती के कारण नियुक्ति पा चुके अभ्यार्थियों का भविष्य बर्बाद कर दिया गया, जिससे वे मानसिक एवं आर्थिक रूप से बहुत परेशान हो गए हैं।


।। जीवेत् शरदः शतम् ।।
भारतीय जनता पार्टी
छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता कुशल संगठनकर्ता, कोरबा के माटीपुत्र
श्री विकास महतो जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं ...
समीर पाण्डेय
जिला संयोजक,
शिक्षा प्रकोष्ठ, भाजपा कोरबा
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, शिक्षा प्रकोष्ठ, जिला–कोरबा (छ.ग.)

## सम्पादकीय...

# पीएम का 'चिप' संबोधन

प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण और सुखद घोषणा यह की कि साल के अंत तक हम 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप बनाने लगेंगे। यदि यह घोषणा जमीनी स्तर पर साकार हो जाए, तो आने वाले 10-15 सालों में भारत वाकई 'सोने की चिड़िया' वाला देश बन सकता है। यह अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि वैश्विक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के आकलन हैं। भारत एक व्यापक, विविध देश है, जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है, निवेश पर्याप्त हैं और सरकार की प्राथमिकता है, लिहाजा व्यापक स्तर पर 'चिप' का उत्पादन संभव है। हालांकि हम अभी चीन, अमरीका, ताइवान सरीखे देशों से बहुत पीछे हैं। वे 'चिप्स क्रांति' के देश हैं, जबकि भारत अभी शोध के दौर में रहा है। दुनिया डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण में प्रवेश कर रही है, जहां सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण एक रणनीतिक ताकत बन चुके हैं, लेकिन भारत अब भी तैयारियों के शुरुआती मोड़ पर खड़ा है। हालांकि गुजरात और बेंगलुरु में कुछ प्लांट लगाए गए हैं। स्टार्टअप भी काम कर रहे हैं, लेकिन अभी राष्ट्रीय उत्पादन के लिहाज से हम पीछे हैं। चीन आज दुनिया की 'डिजिटल रीढ़' है। माइक्रोचिप से लेकर मोबाइल फोन और सर्वर तक, हर जगह, उसकी उपस्थिति है। अब भारत के लिए चिप का राष्ट्रीय उत्पादन, विस्तार और रोजगार 'तकनीकी संप्रभुता' का सवाल है। भारत के पास प्रतिभाशाली इंजीनियर और डिजाइनर हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के लिए 'चिप निर्माण' के सूत्रधार बने हैं। यदि प्रधानमंत्री मोदी अपनी घोषणा को साकार कराने और उसे निरंतरता देने में सफल रहे, तो सेमीकंडक्टर चिप भारत के लिए 'तेल' साबित हो सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण और देशव्यापी घोषणा प्रधानमंत्री ने जीएसटी को लेकर की है। सरकार ने अपने प्रस्ताव जीएसटी परिषद को विचारार्थ भेज भी दिए हैं। जीएसटी के दायरे में 10 लाख से ज्यादा वस्तुएं हैं। उसकी स्लैब दरें 12 फीसदी से घटा कर 5 फीसदी की जाती हैं, तो यह देश के लिए वाकई 'दीपावली का तोहफा' होगा। ये वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं- टूथ पाउडर, नमकीन, सूखे मेवे, टूथपेस्ट, साबुन, पेनकिलर दवाएं, सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल और कम्प्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, बर्तन, ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर, पब्लिक वाहन, स्टोब, सीमेंट, फ्रिज, टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन आदि। जाहिर है कि आम आदमी को राहत मिलेगी। अब सिर्फ दो ही स्लैब होंगे-5 फीसदी और 18 फीसदी। जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस आदि वस्तुएं भी सस्ती होंगी। सरकार का आकलन है कि जीएसटी की दरें घटाने से लघु, सूक्ष्म, मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे, ठेका श्रमिक बढ़ेंगे, आम आदमी की खर्च योग्य आय भी बढ़ेगी। देश की अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और जीडीपी 0.6 फीसदी से 0.7 फीसदी तक बढ़ सकती है। रोजगार देश की एक बुनियादी समस्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने 1 लाख करोड़ रुपए की 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' की घोषणा की है। दावा किया जा रहा है कि इससे करीब 3.5 करोड़ युवाओं को नौकरियां और रोजगार मिल सकेंगे। इस संदर्भ में सवाल है कि क्या यह योजना बजटीय घोषणाओं से अलग है? सवाल यह भी है कि संसद में बजट पेश करते हुए एक घोषणा की गई थी कि देश की 500 बड़ी कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। भत्ता भी मिलेगा, हुनर भी सीख सकेंगे, सरकार पहली नौकरी पर 15,000 रुपए भी देगी। उस योजना का क्या हुआ, देश को अद्यतन स्थिति ब्रीफ की जाए। प्रधानमंत्री मोदी लालकिले से 103 मिनट तक बोले। यह किसी भी प्रधानमंत्री का, लालकिले से, अभी तक सबसे लंबा भाषण है। प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों को छुआ और यह एक परंपरा रही है। अंतरिक्ष में भारत का स्टेशन बनाने की बात भी कही। हाल ही में अंतरिक्ष से यात्रा कर लौटे शुभांशु शुक्ला का भी प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया। अब अंतरिक्ष पर सोमवार को संसद में चर्चा प्रस्तावित है।

# अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

राजस्थान के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है। दरअसल डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामलें में जमानत देने से इंकार करते हुए सख्त टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपालोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। दरअसल डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में भी बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ ही डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। मजे की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर हजारों नही बल्कि लाखों रुपए अपने खातों में ड़लवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रहे हैं पर इस सबके बाजवूद इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है।

1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरु कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ ही केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया। साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर है। चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरुआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। लाख प्रयासों के बावजूद 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलों में 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामलें हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामलें ऐसे भी होंगे जिनमें मामलें दर्ज कराए ही नहीं गए होंगे। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। हैंकिंग, रेनसमवेयर, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, ब्लैक मेलिंग अपराधियों के प्रमुख हथियार है। व्यक्ति को इस तरह से सम्मोहित व भयग्रस्त कर देते हैं कि समझदार और पढ़े लिखे होने के बावजूद पैसा गंवा बैठते हैं। ठगी, जबरन वसूली, पोर्नोग्राफी, बाल पोर्नोग्राफी, धनशोधन, औद्योगिक जानकारी चुराने, ड्रग, ब्लेक मेलिंग, ड़राने-धमकाने सहित विभिन्न तरह के अपराध को अंजाम देने में इन्होंने विशेषज्ञता हासिल कर ली है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा कि यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि डिजिटल तकनीक ने बहुत कुछ बदल कर रख दिया हैं। तकनीक ने समझ और संवाद को आसान बनाया है। जानकारी का पिटारा खोला है। पर इसके साइड इफेक्ट के रुप में अपराधियों के जाल भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में तकनीक का सकारात्मक उपयोग हो इसके लिए अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। साइबर कानून और साइबर थाने बना देने मात्र से समस्या का समाधान होने वाला नहीं हैं। अवेयरनेस प्रोग्राम के बावजूद जिस तरह से हजारों लोग प्रतिदिन साइबर अपराधियों के आसानी से शिकार कार बन रहे हैं। देखा जाए तो डिजिटल ठगी करने वाले पूरी तकनीक और सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं। ऐसे में डिजिटल अपराध और अपराधियों से लोगों को बचाने की कोई ना कोई फूलप्रुफ तकनीक व व्यवस्था बनानी ही होगी।

(यह लेखक के अपने विचार है)

# ड्रोन लुटेरों से फैली दहशत की हकीकत क्या?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

'ड्रोन गिरोह' की अफवाहों ने शांति-व्यवस्था में खलबली मचा रखी है। विशेषकर ग्रामीणों में, जहां दहशत की स्थिति बनी हुई है। ड्रोन चारों के भय से लोग सारी-सारी रात जगे रहते हैं। प्रभावित दो-तीन राज्यों में करीब महीने भर से ड्रोन चोरों के भय से लोग इतने भयभीत हैं कि वह रातों में जाग-जाग कर अपने घरों और परिजनों की पहरेदारी कर रहे हैं। डरे हुए लोग 'ड्रोन चोरों को 'आसमानी चोर' कहने लगे हैं। आकाश में रात के वक्त सैकड़ों फीट उंचाई पर मंहराते रहस्यमय ड्रोनों से सन्नाटा इस कदर फैला है कि पेड़-पौधों के पत्तों की सरसराहट या झींगुरों की भिनभिनाहट मात्र से भी लोग डर जाते हैं। देखा जाए तो देहात क्षेत्रों में ड्रोन चोरों की अफवाहों का बाजार काफी समय से गर्म है। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड़ पर है। रात में जायजा लेने को पुलिस-प्रशासन के आला अफसर भी ग्रांउड जीरो पर उतरे हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस ने जागरुकता अभियान भी छेड़ रखा है। दरअसल, अफवाह लोगों की नासमझी से ज्यादा फैल रही है। ड्रोन दिखाई पड़ने पर वह पुलिस से संपर्क करने के बजाय सोशल मीडिया पर अनापशनाप गलत सूचनाएं फैला देते हैं जिससे स्थिति और पैनिक हो रही है। हालांकि, ऐसे लोगों पर पुलिस सख्ती भी दिखा रही है।

ड्रोन की घटनाएं हकीकत हैं या अफवाह? ये अनसुलझी पहेली जैसा है। वैसे, पिछले दो सालों से 'स्वामित्व योजना' के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण भूमि का सर्वेक्षण भी ड्रोनों से करवा रही है। योजना मार्च-2026 तक पूरी होनी है। करीब 3 लाख 44 हजार गांवों का सर्वेक्षण होना है। इसके पीछे सरकार का मकसद ग्रामीण संपत्ति के मालिकों को उनकी संपत्ति का मास्टर कार्ड वितरण करना है। 92 फीसदी कार्य 'ड्रोन मैपिंग' से पूरा हो चुका है जिसमें 31 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। सवाल ये भी उठता है क्या इस वक्त जो ड्रोन उड़ रहे हैं, वो इसी योजना का हिस्सा हैं? अभी तक कोई तथ्यात्मक सच्चाई मुकम्मल रूप से बाहर नहीं निकल पाई। जबकि, प्रथम दृष्टया प्रशासन ने ड्रोन घटनाओं को अफवाह ही माना है। ड्रोन की घटनाओं के पीछे कोई ऐसी हकीकत तो नहीं छिपी जिसे शासन-प्रशासन और सुरक्षा महकमा सार्वजनिक ना करना चाहता हो? राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा तो कोई मसला नही? हालांकि ऐसे नाना-प्रकार के कयासों की मंड़ियां सजी हुई हैं। सच्चाई के असल नतीजों तक अभी कोई नहीं पहुंच पाया। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तकरीबन जिलों में इस समय ड्रोन लूटेरों की ही चर्चाएं हैं।

धीरे-धीरे ये दहशत अब अन्य राज्यों में भी फैलती जा रही है। हरियाणा, पंजाब, बिहार, मध्यप्रदेश में भी आधुनिक चोरों से जुड़ी अजीबोगरीब अफवाहें फैल गई हैं। बिहार के सासाराम और मध्यप्रदेश के गुना जिले में भी ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। अफवाहें हैं कि चोर रात्रि में घरों का ड्रोन से सर्वेक्षण करते हैं और अगली रात धाबा बोलते हैं। एकाध घटनाएं घटी भी हैं, लेकिन उन घटनाओं से कोई हकीकत सिद्ध नहीं हुई। पुलिस-प्रशासन दोनों भी इस अनसुलझी पहेली में उलझे हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर ड्रोन की घटनाओं को बेशक अफवाह बताई जा रही हों। पर, ग्रामीण मानने को राजी नहीं? वह ड्रोन चोर या आसमानी चोर ही माने बैठे हैं। बीते मात्र तीन हफ्तों में उत्तर प्रदेश में 365 और उत्तराखंड में 245 घटनाएं घटी हैं। गौरतलब है कि अफवाहों के गर्भ से निकली ड्रोन चोरी की ये घटनाएं अब हिंसा में बदलने लगी हैं। गत दिनों बिजनौर के कोतवाली क्षेत्र में रात के वक्त एक खूनी घटना घटी जिसमें एक औरत का गला चाकू से रेतकर उसे जहर का इंजेक्शन देने का प्रयास हुआ। गनीमत ये रही कि उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। सुबह पुलिस ने छानबीन कर आसपास के लोगों से पूछताछ की, तो पता चला महिला पर हमला ड्रोन चोरों ने नहीं, बल्कि पड़ोसी ने किया जिनसे उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा है। चोर समझकर अंधेरे में चलने वाले राहगीरों के साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ी हैं। शराबियों की तो सामात ही आई हुई है। बिलावजह हादसे का शिकार न हो जाएं, इसलिए रात्रि पाली में काम करने वाले कर्मचारी भी घरों से बाहर नहीं निकल रहे। ऐसे भी घटनाएं खूब सामने आ रही हैं, जहां ड्रोन चोरों की आड़ में लोग अपनी पुरानी दुश्मनी निकाल रहे हैं।

दशहत और अफवाहें इस कदर देहतों में व्याप्त है कि आसमान में चमकती रौशनी को भी ड्रोन समझ कर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

दहशत के चलते ग्रामीण पूरी-पूरी रात अपनी छतों पर बल्ब और टॉर्च जलाकर बैठे रहते हैं। जुगनुओं की रौशनी से भी चिल्ला पुकार मचने लगता है। सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में ड्रोन चोरों ने कुछ ज्यादा माहौल बिगाड़ा हुआ है। माहौल जैसे-जैसे बिगड़ना तेज हुआ, तो राज्य सरकार का ध्यान एकाएक उस ओर गया। मुख्यमंत्री ने तत्काल आपातकाल बैठक बुलाई। हालांकि, उससे पहले ही अधिकारियों ने शासन को ड्रोन्स के संबंध में कुछ उत्पाती लोग उन्माद फैलाने की फिराक में होना दर्शा दिया था। शासन ने निर्णय लिया है कि ड्रोन के ज़रिए डर पैदा करने या ग़लत सूचना फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और एनएसए के तहत कार्रवाही की जाएगी। लेकिन, शासकीय चेतावनी के बाद भी ड्रोन का उड़ना लगातार जारी है। दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में एक और उच्च-स्तरीय कानून-व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर बैठक हुई, जिसमें बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाही का आदेश पारित हुआ।

(यह लेखक के अपने विचार है)

## अमेरिका से बिगड़ते संबंध

आवश्यक है कि विदेश नीति में किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार हो। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया में ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा।

अमेरिका से बिगड़ते संबंधों के साथ भारत में अचानक चीन से रिश्ते सुधारने और रूस से संबंध और गहरा करने की जरूरत पर अधिक जोर दिया जाने लगा है। संकेत हैं कि भारत सरकार ने इससे संबंधित प्रक्रियाओं को तेज कर दिया है। उधर, ऐसा लगता है कि चीन ने इस नई परिस्थिति में अपने लिए अवसर देखा है। भारत और अमेरिका के बीच दरार चौड़ी हो जाए, तो चीन के लिए यह अच्छी स्थिति होगी। यह अमेरिका की चीन को घेरने की रणनीति के लिए एक झटका होगा, जिसे स्वरूप देने में गुजरे डेढ़ दशक में अमेरिका ने अपनी काफी ऊर्जा लगाई है। तो खबर है कि चीन ने भारत को उर्वरकों के निर्यात रोकने की नीति में ढिलाई दे दी है और कथित रबर डंपिंग के मामले में भारत के खिलाफ जांच रोक दी है।

इधर भारत ने दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा शुरू करने का ठोस संकेत दिया है। इसी बीच खबर आई है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत आएंगे। वांग सीमा विवाद पर वार्ता के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। नई दिल्ली में भारत के विशेष प्रतिनिधि अजित डोवल से उनकी बातचीत होगी। साथ ही एलान हुआ है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर 21 अगस्त को मास्को जाएंगे। ये तमाम कूटनीतिक गतिविधियां शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तय चीन यात्रा से पहले हो रही हैं। रूस और चीन दोनों भारत के साथ अपनी त्रिपक्षीय वार्ता का क्रम फिर शुरू करने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए ताजा गतिविधियों को उस प्रयास से जोड़ कर देखा जा रहा है। भारत इसके लिए तैयार होता है या नहीं, यह देखने की बात होगी। ऐसा हुआ, तो वह भारत की विदेश नीति में बड़े परिवर्तन का संकेत होगा? स्पष्टतः उसके दूरगामी परिणाम होंगे। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार किया जाए। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया के तहत ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा

**हरिशंकर व्यास**

खबर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन जा रहे है। 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शायद भाग ले। सन् 2020 में गालवान घाटी में चीन की दादागिरी के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। और क्या गजब है जो भारत पर ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद भारत में चीन के राजदूत झू फेइहोंग ने ट्रंप को धौंस जमाने वाला (बुली) कहा और बिना किसी का नाम लिए एक्स पर लिखा-अगर आप एक बुली को एक इंच देंगे, तो वह एक मील ले लेगा। यह भी बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार के बीच बातचीत हुई है।

उधर अजित डोवाल रूस गए और फिर खबर थी कि राष्ट्रपति पुतिन साल के आखिर में भारत यात्रा पर आएगें। ध्यान रहे ट्रंप से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिन पिंग के साथ ही झूला झूला था और राष्ट्रपति पुतिन के वे वैसे ही सखा था जैसे बाद में डोनाल्ड़ ट्रंप के हुए। अब ट्रंप बिगडे है तो प्रधानमंत्री को वे पुतिन और शी जिन पिंग याद आए है जो पूरी दुनिया के लिए फिलहाल नंबर एक युद्ध अपराधी तथा विश्व की आर्थिकी को खाने वाला ड्रेगन है। सबसे गंभीर बात कि घंटे-आधे घंटे के जिस 'आपरेशन सिंदूर' में भारत के लडाकू विमानों को नुकसान हुआ वह पाकिस्तानी सेना के साथ चीन की सेना के प्रत्यक्ष-परोक्ष साझे से था। तब रूस ने भी भारत के लिए एक शब्द नहीं बोला था। लेकिन इन दो नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फिर से झूला झूल कर ट्रंप को अपना रूतबा बताएंगे। सवाल है विश्व राजनीति के तड़ीपार पुतिन की दिल्ली में मेजबानी और शी जिन पिंग की मेहमानवाजी भोगने से क्या भारत की शान बढ़ेगी? क्या चीन-रूस अब भारत से वह निर्यात खरीद लेंगे जो अमेरिका खरीदता है? इससे भी अंहम सवाल है कि क्या मोदी सरकार को गलवान से आपरेशन सिंदूर तक के अनुभवों में इतना भी समझ नहीं आया कि चीन का हर व्यवहार भारत से दुश्मनी का है। जबकि वह पाकिस्तान का सरपरस्त ही नहीं है बल्कि उसके भारत विरोधी सैन्य ऑपरेशन में साझेदार भी था। उधर चीन अब रूस का भी वैसे ही सरपरस्त है जैसे पाकिस्तान का है। दक्षिण एसिया, पूरे एसिया का बुली (गुंडा-दादा) चीन है या अमेरिका? भारत को पहले धंधे, टैरिफ की चिंता करनी चाहिए या सीमा की सुरक्षा, सामरिक, भूराजनैतिक हितों की? क्या प्रधानमंत्री दफ्तर, विदेश मंत्रालय, अजित डोवाल के दफ्तर में इतनी भी मेमोरी नहीं है जो ध्यान रहे कि इसी मई के महिने में ही पाकिस्तान ने चीनी लडाकू विमान, चीन की मिसाइल, सेटेलाइट इमेज के बेकअप से भारत की सेना को जवाब दिया।

# असली अवसरवादी राजनीति

**अजीत द्विवेदी**

तेलंगाना की मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के पाला बदल कर कांग्रेस में जाने के मामले में विधानसभा के स्पीकर के सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि स्पीकर इन विधायकों की अयोग्यता के मामले में तीन महीने के अंदर फैसला करें। असल में इस मामले के एक साल से ज्यादा हो गए हैं। नवंबर 2023 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हुए थे और कांग्रेस पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। चुनाव के थोड़े दिन के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के विधायकों के टूट कर कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला शुरू हुआ। यह कोई नई बात नहीं है। अवसरवादी राजनीति के लिए उत्तर भारत की हिंदी पट्टी को बेवजह बदनाम किया जाता है।

असली अवसरवादी राजनीति तो दक्षिण के राज्यों में देखने को मिलती है। 2023 से पहले 10 साल तक बीआरएस का राज था तो कांग्रेस के दर्जनों बड़े नेता पाला बदल कर उसके साथ चले गए थे और अब कांग्रेस का राज आया तो उसी अनुपात में बीआरएस के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बहरहाल, अवसरवादी राजनीति एक अलग मसला है।

अभी तात्कालिक मसला यह है कि बीआरएस छोड़ कर 10 विधायक कांग्रेस में शामिल हुए तो दलबदल विरोधी कानून के आधार पर क्यों नहीं उनकी सदस्यता समाप्त होनी चाहिए? इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 64 सीटें मिली थीं और बीआरएस को हिस्से में 39 सीटें आई थीं। दलबदल विरोधी कानून के तहत बीआरएस के टूटने के लिए कम से कम 26 विधायकों का एक साथ आना जरूरी है। अगर उससे कम विधायक टूटते हैं तो उनके ऊपर दलबदल विरोधी कानून लागू होता है और उनकी सदस्यता समाप्त होती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे कम विधायक चाहें तो नहीं टूट सकते हैं। वे टूट सकते हैं लेकिन तब उनको विधानसभा से इस्तीफा देना होगा और उनकी सीट पर उपचुनाव होगा। तेलंगाना में इस बेसिक सिद्धांत का उल्लंघन हो रहा है। बीआरएस के 10 विधायक घोषित रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और बीआरएस की ओर से शिकायत के बावजूद स्पीकर उनको अयोग्य नहीं ठहरा रहे हैं।

अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। इस समय सीमा के अंदर उनको फैसला करना होगा। अगर वे बीआरएस से पाला बदलने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं तो उनकी सीटें खाली होंगी और उपचुनाव होगा और अगर अयोग्य नहीं ठहराते हैं तो सुप्रीम कोर्ट में उनकी अयोग्यता पर सुनवाई होगी। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्पीकर क्या तर्क देते हैं। यह सुनवाई बहुत दिलचस्प और आगे का रास्ता बनाने वाली हो सकती है। हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा के लिए इस मामले को सुलझाए और ऐसे मामले में स्पीकर के फैसला करने के लिए एक समय सीमा तय कर दे। आखिर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभाओं से पास विधेयकों पर फैसला करने के लिए राज्यपाल और यहां तक कि राष्ट्रपति के लिए भी एक समय सीमा तय की है। इसको लेकर विवाद चल रहा है और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 142 के तहत प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम कोर्ट को भेजा है। परंतु तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला नजीर बन गया है।

सो, संभव है कि विधायकों की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पीकर के लिए एक समय सीमा तय करे। हालांकि बेहतर यह होता कि सुप्रीम कोर्ट के ऑब्जर्वेशन के आधार पर संसद में इसे लेकर नया कानून बनता। आखिर अगर संविधान में किसी मसले पर चुप्पी है और चुप्पी का फायदा उठा कर संवैधानिक पदों पर बैठे लोग एक या दूसरे राजनीतिक दल को फायदा या नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं तो उस पर कानून बनाने का काम तो संसद को ही करना होगा! ध्यान रहे संविधान में इसके लिए कोई समय सीमा नहीं निर्धारित की गई है। जैसे राज्यपालों के लिए कोई समय सीमा नहीं है कि वे कितने दिन के अंदर किसी विधेयक पर फैसला करेंगे वैसे ही स्पीकर के लिए समय सीमा तय नहीं है कि अयोग्यता की शिकायत पर वह कितने दिन में फैसला करेगा। इस लूपहोल का फायदा कई बार सत्तारूढ़ दल की ओर से नियुक्त स्पीकर उठा चुके हैं। झारखंड की पिछली विधानसभा में तीन विधायकों बाबूलाल मरांडी, बंधु तिर्की और प्रदीप यादव की अयोग्यता का मामला पूरे पांच साल तक लंबित रहा।

इस विवाद की वजह से चार साल तक झारखंड विधानसभा में नेता विपक्ष ता पद खाली रहा क्योंकि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना था, जबकि उनके खिलाफ अयोग्यता का मामला स्पीकर के पास लंबित था और वे उस पर फैसला नहीं कर रहे थे। क्या किसी सभ्य लोकतंत्र में ऐसी स्थिति की कल्पना की जा सकती है? महाराष्ट्र में भी स्पीकर ने शिव सेना के विधायकों की अयोग्यता का मामला लंबे समय तक लंबित रखा था। सुप्रीम कोर्ट की सख्त फटकार और निर्देश के बाद स्पीकर को फैसला करना पड़ा।

इसी तरह संभव है कि तेलंगाना में भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए स्पीकर तीन महीने के अंदर फैसला करें। परंतु यह स्थायी समाधान नहीं है। इस मामले में स्थायी समाधान की जरुरत है, जो संसद से निकले तो ज्यादा बेहतर है। संसद के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक अवसर है। सरकार को इसकी पहल करनी चाहिए कि वह कानून बना कर इस मसले को सुलझाए। ध्यान रहे स्पीकर द्वारा दलबदल करने वाले विधायकों पर कोई फैसला नहीं करना, कदाचार को बढ़ावा देने वाला है। राज्यों में विधायक निजी लाभ के लिए दलबदल करते हैं और सत्तापक्ष के साथ चले जाते हैं। इससे दलबदल विरोधी कानून का उल्लंघन होता है, जनादेश का अपमान होता है और कदाचार को बढ़ावा मिलता है।

इसलिए जितनी जल्दी हो सरकार या तो दलबदल विरोधी कानून में कुछ बदलाव करे या कोई नया कानून लाकर स्पीकर के लिए समय सीमा तय करे। संसद से लेकर विधानसभाओं तक के लिए यह कानून होना चाहिए। अगर सरकार इसकी पहल करती है तो निश्चित रूप से विपक्ष को इसका साथ देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो जैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश से महाराष्ट्र का मसला सुलझा वैसे ही तेलंगाना का भी सुलझ जाए और आगे हमेशा के लिए विवाद की संभावना बनी रहेगी।

(यह लेखक के अपने विचार है)

## पीएम मोदी की चीन यात्रा से पहले भारत आएंगे चीनी विदेश मंत्री, सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों के साथ करेंगे बैठक

नई दिल्ली ,19 अगस्त ( एजेंसी )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ( एनएसए ) अजीत डोभाल के साथ अगले दौर की सीमा वार्ता के लिए सोमवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। इसमें कहा गया है कि इस यात्रा के दौरान वांग यी चीन-भारत सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी अपने चीनी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वांग की यह यात्रा शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक चीन के शहर तियानजिन में आयोजित होगा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी शामिल होने की उम्मीद है। एनएसए डोभाल के साथ वांग यी विशेष प्रतिनिधि वार्ता तंत्र का नेतृत्व करते हैं, जिसका उद्देश्य 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी ) से संबंधित जटिल सीमा विवाद को सुलझाना है। उल्लेखनीय है कि डोभाल पिछले साल दिसंबर में चीन गए थे और उन्होंने वांग के साथ 23वें दौर की वार्ता की थी। यह वार्ता ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर रूसी शहर कजान में 23 अक्टूबर, 2024 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा दोनों पक्षों के बीच विभिन्न वार्ता तंत्रों को पुनर्जीवित करने का निर्णय लेने के कुछ हफ्ते बाद हुई थी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। इसमें कहा गया है कि इस यात्रा के दौरान वांग यी चीन-भारत सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी अपने चीनी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वांग की यह यात्रा शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है।

# म्यांमार की सेना ने अपने ही देश पर हवाई हमला



बैंकॉक, 19 अगस्त [ एजेंसी ]। दक्षिण पूर्व एशियाई देश म्यांमार के रत्न-खनन उद्योग के केंद्र मोगोक शहर पर सेना द्वारा किए गए हवाई हमले में एक गर्भवती सहित 21 लोग मारे गए। यह घटना लगातार और घातक सैन्य हवाई हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है।तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी ( टीएनएलए ) के प्रवक्ता लवे याय ऊ ने बताया कि यह हमला गुरुवार रात स्थानीय समय 8.30 बजे देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से लगभग 115 किलोमीटर उत्तर पूर्व में मोगोक टाउनशिप के श्वेगु वार्ड में हुआ। टीएनएलए चीनी सीमा के पास सेना के खिलाफ लड़ने वाले शक्तिशाली जातीय मिलिशिया में से एक है। लवे ने कहा कि घरों और बौद्ध मठों की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। माणिक-खनन केंद्र मोगोक को जुलाई 2024 में टीएनएलए द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जो जातीय मिलिशिया के गठबंधन का सदस्य है।

उसने 2023 के अंत में शुरू हुए आक्रामक अभियान में पूर्वोत्तर म्यांमार में बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। टीएनएलए चीनी सीमा के पास सेना के खिलाफ लड़ने वाले शक्तिशाली जातीय मिलिशिया में से एक है। लवे ने कहा कि घरों और बौद्ध मठों की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। माणिक-खनन केंद्र मोगोक को जुलाई 2024 में टीएनएलए द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जो जातीय मिलिशिया के गठबंधन का सदस्य है। उसने 2023 के अंत में शुरू हुए आक्रामक अभियान में पूर्वोत्तर म्यांमार में बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था।

## किश्तवाड़ प्रलय में अब तक 65 लोगों की मौत, मलबे में दबी सैकड़ों जिंदगियां

जम्मू ,19 अगस्त ( एजेंसी )। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चिशौती गांव में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी राहत व बचाव कार्य जारी रहा। इस आपदा में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं।केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार देर रात पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के साथ प्रभावित गांव का दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस, सेना, स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा चलाए जा रहे।

## हैदराबाद में अवैध सेरोगेसी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

हैदराबाद,19 अगस्त( एजेंसी )। हैदराबाद में कई प्रजनन केंद्रों के साथ साठगांठ कर सात महिलाओं और एक पुरुष द्वारा चलाए जा रहे व्यावसायिक सेरोगेसी और अवैध मानव अंडाणु व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है।इसमें एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही छह अंडाणु दाताओं और सेरोगेट माताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस ने अनुसार, आरोपितों ने निस्संतान दंपतियों का आर्थिक शोषण किया है। पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपितों को पकड़ा। आरोपित महिला पहले एक अंडाणु दाता और सेरोगेट मां के रूप में कार्य कर चुकी है। उसने अन्य एजेंटों, प्रजनन केंद्रों के साथ संपर्क कर महिलाओं को अंडाणु दाता या सेरोगेट माताओं के रूप में भर्ती करना शुरू किया और विभिन्न प्रजनन केंद्रों में भेजा।प्रत्येक सफल प्रक्रिया के लिए उसने राशि प्राप्त की। उसने वित्तीय रूप से कमजोर महिलाओं को अपना निशाना बनाया। उन्हें अंडाणु दान करने या सेरोगेट बनने के लिए मनाया और अपने निवास पर रखा। अस्पतालों से अतिरिक्त रखरखाव शुल्क भी वसूल किया। उसका बेटा अवैध व्यवसाय चलाने में उसकी सहायता करता था। इसमें शामिल दाताओं और सेरोगेट माताओं को यह पता था कि व्यावसायिक सेरोगेसी कानून द्वारा प्रतिबंधित है, लेकिन वे आर्थिक लाभ के लिए इसका हिस्सा बने रहे।

## सिएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार फहराया गया भारत का तिरंगा



नईदिल्ली, 19 अगस्त [ एजेंसी ]। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर अमेरिका में सिएटल के प्रतिष्ठित 605 फुट ऊंचे स्पेस नीडल पर ध्वजारोहण किया गया। यह पहली बार था, जब किसी विदेशी राष्ट्र का झंडा इस लोकप्रिय अमेरिकी स्थल पर लहराया।इसका निर्माण 1962 में किया गया था। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता, सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल और अन्य गणमान्य इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद थे। गुप्ता ने कहा कि इससे बड़ा कोई सम्मान नहीं। उन्होंने इसका वीडियो भी पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के योगदान को रेखांकित करता है। इस ऐतिहासिक दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में भारतवंशी उपस्थित थे। बाद में, वाणिज्य दूतावास द्वारा सुंदर केरी पार्क में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में अमेरिकी कांग्रेसी एडम स्मिथ, वॉशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश डेबरा स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सिएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज सहित कई गणमान्य शामिल हुए। ग्रेटर सिएटल में भारत के स्वतंत्रता दिवस के सम्मान में एक विशेष पहल करते हुए किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस के रूप में मनाने की आधिकारिक घोषणा की। इसके अलावा सिएटल की कई प्रतिष्ठित इमारतों को भी तिरंगे से रोशन किया गया। इनमें लुमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सिएटल ग्रेट व्हील शामिल थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर एएसआई ने की आत्महत्या, पुलिस थाने में ही लगाई फांसी

बालौद, 19 अगस्त [ एजेंसी ]। स्वतंत्रता दिवस के जश्न के बीच छत्तीसगढ़ के बलोद जिले में सहायक उपनिरीक्षक हिरामन मंडावी ने बैरक में ही पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह जब अन्य आरक्षक बैरक पहुंचे तो उन्होंने एएसआई को पंखे से लटकते पाया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। दुर्ग जिले के निवासी हिरामन का ट्रांसफर सात माह पहले हुआ था। उन्होंने हाल ही में एसपी से ट्रांसफर की मांग की थी और थाना प्रभारी के साथ विवाद भी हुआ था। एनआईए ने छत्तीसगढ़ के भैरमगढ़ सीपीआई ( माओवादी ) हथियार सप्लाई मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी



पहचान अमन केशरवानी के रूप में हुई है। वह हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करने की साजिश में शामिल था।आरोप है कि केशरवानी उत्तर प्रदेश से रिवाल्वर और गोला-बारूद की व्यवस्था करके बीजापुर जिले में माओवादी सदस्यों तक पहुंचाता था। यह मामला मूल रूप से पुलिस द्वारा भैरमगढ़ तहसील में पांच आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था।जुलाई 2023 में राज्य पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। अफगानिस्तान में लगे भूकंप के झटके दहशत में घरों से बाहर निकले लोग अफगानिस्तान। अफगानिस्तान में शनिवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ( एनसीएस ) ने एक बयान में बताया कि शनिवार देर रात अफगानिस्तान में 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर आया, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील है।इससे पहले 13 अगस्त को, 10 किलोमीटर की गहराई पर 4.2 तीव्रता का एक और भूकंप आया था। इससे पहले 8 अगस्त को, 10 किलोमीटर की गहराई पर 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था। हल्के भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से आने वाली भूकंपीय तरंगों की सतह तक पहुंचने की दूरी कम होती है, जिसके परिणामस्वरूप जमीन का कंपन ज्यादा होता है और इमारतों को ज्यादा नुकसान और ज्यादा हताहत होने की संभावना होती है।उन्होंने हाल ही में एसपी से ट्रांसफर की मांग की थी और थाना प्रभारी के साथ विवाद भी हुआ था। एनआईए ने छत्तीसगढ़ के भैरमगढ़ सीपीआई ( माओवादी ) हथियार सप्लाई मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अमन केशरवानी के रूप में हुई है। वह हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करने की साजिश में शामिल था।आरोप है कि केशरवानी उत्तर प्रदेश से रिवाल्वर और गोला-बारूद की व्यवस्था करके बीजापुर जिले में माओवादी सदस्यों तक पहुंचाता था। यह मामला मूल रूप से पुलिस द्वारा भैरमगढ़ तहसील में पांच आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था।जुलाई 2023 में राज्य पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। अफगानिस्तान में लगे भूकंप के झटके दहशत में घरों से बाहर निकले लोग अफगानिस्तान। अफगानिस्तान में शनिवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## झारखंड पुलिस ने छह महीने में 17 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया, 197 को किया गिरफ्तार



रांची, 19 अगस्त [ एजेंसी ]। के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड पुलिस ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए इस वर्ष महज छह महीने में यानी जनवरी से जून तक 17 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया। इस अवधि में 197 माओवादियों को गिरफ्तार भी किया। दस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।इस वर्ष झारखंड पुलिस ने माओवादियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में अपने पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को भी खोया। कर्तव्य के दौरान बलिदान होने वालों में सीआरपीएफ के दारोगा सुनील कुमार मंडल, एएसआई सत्यवान कुमार सिंह, सिपाही परनेश्वर कोच व झारखंड जगुआर के सिपाही सुनील धान शामिल हैं।डीजीपी पुलिस मुख्यालय में झंडारोहण के बाद जवानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को न सिर्फ बधाई दी, बल्कि जवानों का हौसला भी बढ़ाया और देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस ने संगठित अपराध के विरुद्ध भी कारगर कार्रवाई की। इस दरम्यान कुल 12 अपराधियों को एवं प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर ( एचयूटी ) के पांच सक्रिय क्रियावादियों को एटीएस ने गिरफ्तार भी किया। नशे के विरुद्ध कार्रवाई में पुलिस ने इसमें शामिल कुल 484 आरोपितों को गिरफ्तार किया और करीब 34.09 करोड़ रुपये जब्त भी किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 27 हजार एकड़ भूमि में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया गया है। डीजीपी ने यह भी बताया कि इस वर्ष छह महीने में साइबर अपराध में शामिल कुल 700 से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 50 लाख से अधिक रुपये व अवैध वस्तुओं की जब्ती की गई है। पुलिस ने प्रतिबिंब एप का प्रयोग कर कुल 474 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया।साइबर हेल्पलाइन नंबर डायल-1930 के माध्यम से साइबर अपराध से संबंधित लगभग 16 करोड़ रुपये फ्रीज करवाया व न्यायालय के आदेश पर पीड़ितों को 80 लाख रुपये वापस भी कराया।छ्त्रक्क ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें 4000 से अधिक शिकायतें पहुंचीं। इनमें से 3500 शिकायतों का समाधान हो चुका है। पुलिस मुख्यालय स्तरीय झारखंड पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से कुल 622 लाभान्वितों को 15 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।कुल 108 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी भी दी गई है। राज्य के 64 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। इनमें नौ एएसआई को दारोगा रैंक में तथा जैप संवर्ग के 91 दारोगा को इंस्पेक्टर रैंक, 11 निरीक्षक को प्रमुख निरीक्षक, 257 हवलदारों को दारोगा रैंक व 52 एएसअइ को एसआइ रैंक में प्रोन्नति दी गई है। कर्तव्य के दौरान बलिदान होने वालों में सीआरपीएफ के दारोगा सुनील कुमार मंडल, एएसआई सत्यवान कुमार सिंह, सिपाही परनेश्वर कोच व झारखंड जगुआर के सिपाही सुनील धान शामिल हैं। डीजीपी पुलिस जवानों को संबोधित कर रहे थे।



कर्नाटक के बेंगलुरु में नागरथपेट स्थित एक प्लास्टिक सामग्री निर्माण इकाई में आग लगने के स्थान से स्वयंसेवक एक पीड़ित के शव को बचाते हुए।

## मिशन मोड में शुरु होगा समुद्र के भीतर से तेल निकालने का काम, लाल किले से पीएम मोदी ने किया बड़ा ऐलान



नईदिल्ली, 19 अगस्त [ एजेंसी ]। पिछले दो दशकों के दौरान घरेलू क्षेत्र में तेल व गैस के भंडार खोजने के लिए अभियान का बहुत ही उत्साहजनक परिणाम नहीं दिखा है। भारत अपनी कुल तेल खपत का 87 फीसद आयात करता है। ऐसे में शुक्रवार को लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अपने भाषण में पीएम नरेन्द्र मोदी ने गहरे समुद्र के भीतर तेल व गैस के भंडार खोजने के काम को मिशन मोड पर शुरू करने की घोषणा की है। हाल के समय में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अंडमान निकोबार क्षेत्र में बड़े हाइड्रोकार्बन भंडार मिलने के संकेत दिए हैं, इसको देखते हुए पीएम मोदी की घोषणा काफी अहम माना जा रहा है।अभी भारत अपनी जरूरत के लिए रूस से काफी तेल खरीद रहा है जिसकी वजह से अमेरिका से रिश्ते खराब हो रहे हैं। तेल व गैस उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश को इससे भी जोड़ कर देखा जा रहा है। यही वजह है कि पीएम मोदी ने अपने भाषण में दो बार इस बात का जिक्र किया कि विदेशों से ऊर्जा आयात करने पर देश को कितनी ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ रही है और इसका समाधान तभी होगा जब देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर होगा।पहले उन्होंने कहा कि हम एनर्जी के लिए बहुत सारे देशों पर निर्भर हैं, पेट्रोल-डीजल-गैस आयात पर लाखों करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। लाखों करोड़ रुपए हमें खर्च करके लाना पड़ता है। हमें इस संकट से देश को आत्मनिर्भर बनाना, ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है। 11 वर्ष में सोलर एनर्जी 30 गुणा बढ़ी है। पनबिजली का विस्तार हो रहा है, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन में हजारों करोड़ रुपए निवेश हो रहे हैं। परमाणु ऊर्जा की क्षमता दस गुणा बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। परमाणु ऊर्जा के लिए 10 नये रिएक्टरों पर काम हो रहा है।इसके बाद उन्होंने फिर से तेल व गैस आयात पर होने वाले भारी भरकम खर्चे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर हम ऊर्जा में दूसरों पर निर्भर नहीं होते यह धन नौजवानों के भविष्य, गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ने, देश के किसानों के कल्याण में, गांव की परिस्थितियों को बदलने में काम आता, लेकिन हमें विदेशों को देना पड़ता है। आगे कहा कि अब हम आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रहे हैं। देश को विकसित बनाने के लिए हम अब समुद्र मंथन की तरफ भी जा रहे हैं। समुद्र मंथन को आगे बढ़ाते हुए हम समुद्र के भीतर के तेल मोड में काम करना चाहते हैं।

# अंतरिक्ष में परचम लहराकर भारत लौटे शुभांशु शुक्ला, दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत



नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपने ऐतिहासिक 18 दिवसीय एक्सिओम-4 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद रविवार को स्वदेश वापस लौट आए हैं। दिल्ली में उतरते ही ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का जोरदार स्वागत किया गया।दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनकी पत्नी कामना शुक्ला और उनके बेटे की उपस्थिति में उनका स्वागत किया। ग्रुप कैप्टन शुक्ला के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने की उम्मीद है।केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत के लिए गर्व का क्षण! इसरो के लिए गौरव का क्षण! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे संभव बनाने वाली सरकार के प्रति आभार का क्षण। भारत का अंतरिक्ष गौरव भारतीय धरती को छू गया... क्योंकि भारत माता के प्रतिष्ठित सपूत, गगनयात्री शुभांशु शुक्ला आज तड़के दिल्ली पहुंचे।उनके साथ एक और समान रूप से कुशल ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर भी थे, जो भारत के पहले मानव मिशन, गगनयान के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में से एक थे, जो अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस के मिशन के लिए भारत के नामित बैकअप थे।आगे लिखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन और बाद में छात्रों के एक समूह द्वारा स्वागत किए जाने के साथ नई दिल्ली हवाई अड्डे पर दोनों का स्वागत करने का सौभाग्य मिला। इससे पहले इंस्टाग्राम पर शुभांशु शुक्ला ने हवाई जहाज में बैठे हुए अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, भारत वापस आने के लिए विमान में बैठते ही मेरे मन में मिश्रित भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझे उन शानदार लोगों को पीछे छोड़कर जाने का दुख हो रहा है जो इस मिशन के दौरान पिछले एक साल से मेरे दोस्त और परिवार थे। मैं इस मिशन के बाद पहली बार अपने सभी दोस्तों, परिवार और लोगों से मिलने को लेकर उत्साहित हूं और उनके साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए बेताब हूं।



## शराब के पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला: रायपुर के सिलतरा में वारदात, आरोपी अरेस्ट, मारपीट और आर्म्स एक्ट में हुआ एक्शन

रायपुर,19अगस्त ( एजेंसी )। रायपुर में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला हो गया है। आरोपी ने गाली गलौज और मारपीट के बाद चाकू से वारदात को अंजाम दिया है। यह पूरा मामला धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा का है।बबलू भूईया ने चौकी सिलतरा थाना धरसींवा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह देवी आयरन कम्पनी ग्राम चरौदा में मजदूरी का कार्य करता है। 6 अगस्त की रात को अपने दोस्त नरेन्द्र कुमार सिंह और सतीश चंद्रवंशी के साथ सिलतरा घूमने गया था जिसके बाद प्रार्थी तथा उसके साथी पैदल वापस अपने घर ग्राम चरौदा जा रहा था। इसी दौरान मीनू ढाबा के आगे रायपुर बिलासपुर रोड ग्राम सिलतरा के पास रात 10.30 बजे पहुंचे थे।तभी पीछे से दोपहिया वाहन में सवार एक व्यक्ति प्रार्थी तथा उसके साथियों के पास आया तथा शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगा। उनके मना करने पर आरोपी अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मंजीत यादव को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 नग धारदार चाकू जब्त किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में हादसा:इंदौर से पुरी जा रहे युवकों की कार ट्रक से टकराई,छह लोगों की मौत

इंदौर/ राजनांदगांव,19 अगस्त ( एजेंसी )। इंदौर से जगन्नाथपुरी जा रहे युवकों की कार का छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार चिरचारी नेशनल हाईवे के पास डिवाइडर पारकर सामने से आए ट्रक से टकरा गई। हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई। इसमें तीन इंदौर के हैं। हादसे में आकाश ( 28 ) पिता राकेश मौर्य, फिनिक्स टाउन, अमन( 26 ) पिता शैलेन्द्र राठौर, सौरभ( 26 ) पिता राजेन्द्र यादव, दोनों नया बसेरा, गांधीनगर, गोविंद ( 33 ) पिता पूनमचंद, कलालिया, तहसील जावरा, अभिषेक ( 24 ) पिता श्रीराम पाटीदार, धार, संग्राम केशरी ( 38 ) पिता पुरुषोत्तम सेती, नीलकंतपुर, ओडिशा की मौत हुई है। हादसे में ड्राइवर सागर यादव निवासी नया बसेरा गांधी नगर बच गया है। सभी 6 युवक इंदौर में रिलायंस कंपनी में काम करते थे। उन्होंने 15 से 17 अगस्त तक छुट्?टी को देखते हुए जगन्नाथपुरी जाने का प्लान बनाया था। 15 अगस्त की सुबह 5 बजे चिरचारी पहुंचे थे। लोगों का कहना है कि ड्राइवर को झपकी आ गई होगी। वहीं ड्राइवर का कहना कि तेज बारिश के कारण अचानक सामने से तेज रोशनी कांच पर पड़ी, इसी दौरान आंखें चौंधिया गई और कार अनियंत्रित हो गई ।5 बहनों का अकेला थाअभिषेक तीन भाइयों की संतान में अकेला लड़का था, उसकी




पांच बहनें हैं। सभी युवक सोमवार रात तक इंदौर लौटने वाले थे।एम्स में भर्ती है पत्नीसंग्राम की पत?नी भुवनेश?वर एम्?स में भर्ती है। उनकी तीन साल की बेटी भी है। वह ओडिशा पहुंचकर पत्नी से मिलने जाने वाला था। वह दो साल से इंदौर में रह रहा था।

## मछली पकड़ने अरपा नदी गये युवक का मिला शव

बिलासपुर, 19 अगस्त ( एजेंसी )। जिले के लावर गांव में अरपा नदी में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान नकुल केंवट के रूप में हुई है, जो लावर गांव का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार जिले के लांवर गांव अरपा नदी में सोमवार को ग्रामिणों ने एक युवका शव तैरता हुआ देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान नकुल केंवट के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नकुल केंवट शनिवार को मछली पकड़ने के लिए अरपा नदी गया था इसी दौरान वह डूब गया।

पुलिस ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान और खून लगा हुआ था। शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

## ड्राय डे में शराब बेचने वाले 7 विक्रेता गिरफ्तार

रायपुर, 19 अगस्त ( एजेंसी )। स्वतंत्रता दिवस के ड्राय डे के दिन शराब बेचने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है तथाा उनके पास से कुल 59.82 बल्क लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त किया है। मामले में सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बता दें कि आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्यामलाल धावड़े, कलेक्टर गौरव सिंह तथा उपायुक्त आबकारी राजेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध शराब एवं अन्य आबकारी अपराधों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। स्वतंत्रता दिवस शुष्क दिवस को मुखबीर सूचना पर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी सड्डू निवासी आरोपी सूरज साहू के कब्जे से 8.45 बल्क लीटर व्हिस्की मदिरा ( 03 बोतल ब्लैक एण्ड व्हाईट, 02 बोतल टीचर 50, 01 बोतल 100 पाईपर, 02 बोतल ऑक स्मिथ गोल्ड, 01 बोतल रेड लेबल, 01 बोतल गोल्ड लेबल, 01 बोतल जगर मास्टर ), आदर्श नगर निवासी आरोपी नितेश उर्फ गोलू बांधे के कब्जे 7.92 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, आरोपी अभिषेक राय ढाबा संचालक मोहनी मोंगरा ग्राम चिचोली के कब्जे से 7.27 बल्क लीटर ( 10 नग सिंबा बियर कैन, 1 नग किंगफिशर, 6 नग पाव बैगपाइपर, 3 नग पाव जिग जाग वोदका ), ज़ोरापारा रायपुरा निवासी आरोपी काजल पाण्डे के कब्जे 10.08 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, शीतलापारा चंदनीड़ीह निवासी आरोपी प्रेमचंद साहू के कब्जे से 10.44 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा, खोरपा निवासी आरोपी सुरेश टण्डन के कब्जे से 9.36 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, खौली निवासी आरोपी शत्रुहन कुर्रे के कब्जे से 6.3 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा जप्त किया गया। आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा 34( 2 ) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस प्रकार आबकारी अधिनियम की धारा 34( 2 ) के तहत कुल 07 प्रकरण कायम कर कुल 59.82 बल्क लीटर मदिरा जप्त कर समस्त आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

## नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहने चलाने वाले 134 वाहन चालकों पर कार्यवाही

रायपुर, 19 अगस्त ( एजेंसी )। रायपुर की मंदिर हसौद पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस के दिन नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए धमाचौकड़ी करने तथा स्टंटबाजी करने वाले 128 दोपहिया वाहन एवं 06 कार चालकों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाईकर्स गैंग द्वारा सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से बाईकर्स को नवा रायपुर की सड़कों पर स्टंट करने के लिए आमंत्रित करने वाले 9 बाईकर्स को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है। वहीं रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बाईकर्स गैंग, ग्रुप बनाकर नवा रायपुर के सड़कों पर एकत्रित होकर उत्पात मचाने की आशंका पर डॉ. लाल उमेंद सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डॉ. प्रशांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एवं श्री विवेक शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अटल नगर के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के दिन नवा रायपुर में पहुँचने वाले बाईकर्स को घेरने के लिए पुलिस ने योजना बनाकर सिविल ड्रेस में उप पुलिस अधीक्षक द्वय सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह के नेतृत्व में 05 निरीक्षक, 20 यातायात बल व क्रेन पेट्रोलिंग के साथ थाना प्रभारी राखी व थाना प्रभारी मंदिर हसौद की टीम कुल 40 का बल तैनात कर घेराबंदी की गयी। घेराबंदी में 128 दोपहिया वाहन एवं 06 कार चालकों को पकड़ा गया जो नवा रायपुर में तेज रफ्तार वाहन चलाते ,मस्ती करते हुए लापरवाहीपूर्वक चलाते स्टंट करते पाए गये। वाहनों को जब्त कर थाना राखी, मंदिर हसौद एवं अटल नगर यातायात थाना में रखा गया है। वाहन चालकों के विरूद्ध स्टंट करते हुए लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने, बिना नंबर वाहन, नंबर टेम्परिंग करने, बिना हेलमेट एवं वाहनों के दस्तावेजी खामियों पर प्रकरण तैयार कर सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## करैत सांप के डसने से दो महिलाओं की मौत

जशपुर, 19 अगस्त ( एजेंसी )। जशपुर ज़िले में रायगढ़ की रहने वाली दो महिलाओं को करैत सांप के डस लिया। हादसे के बाद दोनों को पत्थलगांव के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना कमरई गांव की है, जहाँ एक महिला अपने घर में बच्चे को दूध पिला रही थी, उसी दौरान करैत सांप ने उसे डंस लिया वहीं दूसरी घटना बाकारुमा गांव की है, जहाँ रनमेत बाई नाम की महिला मचान पर सो रही थी,इसी दौरान करैत सांप ने उसे भी डस लिया। दोनों को उपचार के लिए पत्थलगांव के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

## 5 साल बाद पति से मिली मानसिक रोगी पत्नी:बलौदाबाजार पुलिस ने कोरबा के आश्रम से ढूंढा, परिवार से मिलायाड्ड

बलौदाबाजार,19 अगस्त ( एजेंसी )।छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में एक परिवार को 5 साल बाद उनकी खोई हुई मां-पत्नी वापस मिल गई। 40 वर्षीय रंभा यादव मानसिक रोग से पीड़ित थीं। वो 5 साल पहले अचानक घर से चली गई थीं। पति रामायण यादव ने करहीबाजार चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवार ने हर संभव जगह उनकी तलाश की।बलौदाबाजार पुलिस को सूचना मिली कि कोरबा के %अपना घर सेवा आश्रम% में एक महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस टीम परिवार को लेकर कोरबा पहुंची। आश्रम में रंभा की पहचान हुई। वहां उनकी मुलाकात पति और बेटी से हुई। पांच साल के इंतजार के बाद परिवार का मिलन भावुक रहा। बाद में रंभा पति के साथ पुलिस कम्युनिटी हॉल पहुंचीं। वहां एसपी भावना गुप्ता से मिलीं। इस मिलन में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटिल, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश मरावी, आरक्षक हरीश जगत और यशवंत यादव की टीम का योगदान रहा। पुलिस की मदद से एक बिछड़ा परिवार फिर से एक हो गया।



## आईईडी विस्फोट में डीआरजी का एसआई घायल

जगदलपुर, 19 अगस्त ( एजेंसी )। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में नक्सिलयों द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट से जिला रिज़र्व गार्ड ( डीआरजी ) के सब इंस्पेक्टर घायल हो गए।पुलिस के अनुसार ( डीआरजी ) एवं एसटीएफका संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुआ था ।अभियान के दौरान आज गुरूवार दोपहर के समय जांगला थाना क्षेत्र के माटवाड़ा-कुटरू मार्ग पर नक्सलियों द्वारा लगाए गये आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से डीआरजी का सब-इंस्पेक्टर प्रकाश चट्टी जखमी हो गया। उनके दाहिने टखने में हल्की चोटें आई हैं। घायल जवान की स्थिति पूर्णतः सामान्य है

तथा वे खतरे से बाहर हैं। ।घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद घटनास्थल से सुरक्षित निकालकर बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु उच्चतर चिकित्सा केंद्र के लिए रवाना किया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घायल अधिकारी की स्थिति पूर्णतः सामान्य है तथा वे खतरे से बाहर हैं। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत विवरण पृथक से जारी किया जाएगा।

## विषैले सर्प के दंश से मासूम बच्ची सुरक्षित

जगदलपुर, 19 अगस्त ( एजेंसी )। जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कोयेनार में एक अजीबोगरीब चमत्कारिक हादसा धटित हुआ। अब तक यह सुनते आए हैं कि, सर्प के काटने से बच्चे की मौत् हो गयी, किंतु कोयेनार में ठीक इसके विपरीत चमत्कार हुआ। एक 9 माह की बच्ची ने खेलते-खेलते विषैले सर्प को पकड़ लिया और उसे चाकू से इस कदर काट दिया कि सांप की मौत हो गयी।मामला इस प्रकार है कोयेनार निवासी पप्पू कश्यप की छोटी पुत्री मानवी उम्र 9 माह अपनी मां दीपिका के साथ घर पर खेल रही थी, शेष परिवार के लोग खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। इस दौरान घर के अंदर खेल रही बच्ची ने दरवाजे के पीछे छुपे विषैले करैत सर्प को पकड़ लिया और उसे खिलौना समझ कर उसे बीच से काटना शुरू कर दिया। बच्ची ने सांप को इस कदर काटा की सांप की मौत हो गई। कुछ देर के बाद मां ने घबराकर सांप को देखा और पास में बच्ची को देख परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन बच्ची को तत्काल उपचार के लिए मेकॉज लेकर पंहुचे, जहां 24` पास में बच्ची को देख परिजनों को इसकी सूचना दी।

## मारपीट करने वालों पर एफआईआर-थोक सब्जी बाजार में दो पक्षों में विवाद, एक को गंभीर चोट

रायपुर,19 अगस्त( एजेंसी )। डूमरतराई थोक मंडी बाजार में 16 अगस्त की सुबह वहां के सिक्योरिटी सुपरवाइजर और कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। माना पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है। अहमद खान ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त नाजिम शेख के साथ 16 अगस्त की सुबह करीब 7.30 बजे सब्जी खरीदने थोक मार्केट डूमरतराई पहुंचा था।वह मार्केट के अंदर जा रहा था, तभी दो दिन पहले झगड़े को लेकर वहां खड़े सिक्योरिटी सुपरवाइजर अभिजीत तिवारी ने उससे गाली गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अभिजीत तिवारी व आशुतोष तिवारी ने उससे मारपीट की। इस दौरान नाजिम शेख ने बीच बचाव किया तो उसे भी मारने लगे।वहीं दूसरी ओर सुपरवाइजर अभिजीत तिवारी ने एफआईआर दर्ज कराई है कि 16 अगस्त को अहमद खान अपने साथी के साथ आया। वह दो दिन पहले हुए विवाद पर गाली देते हुए मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने पर दोस्तों के साथ भी मारपीट की।




## प्रेमिका के पति को मारने सनकी आशिक ने भेजा स्पीकर बम

खैरागढ़, 19अगस्त ( एजेंसी )। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले में एक सनकी आशिक ने अपनी प्रेमिका के पति को मारने के लिए एक स्पीकर बम तैयार कर उसे पार्सल कर प्रेमिका के पति तक पहुंचा दिया। हालांकि शंका होने पर उक्त पार्सल को न खोलकर पुलिस को इसकी सूचना दी गई और मौके पर पहुंचकर पुलिस तथा बम बम निरोधक दस्ते ने स्पीकर बम को कब्जे में लेकर ब्लास्ट होने से बचा लिया। मामले में पुलिस ने प्रेमी तथा उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार गंडई निवासी अफ्सार खान के पास एक पार्सल पहुंचा। दिखने में पार्सल होम थिएटर लग रहा था, लेकिन उसे उठाते ही अफसार को शक हुआ कि स्पीकर असामान्य रूप से ज्याद ही भारी था और पावर पिन टूटा हुआ दिख रहा था। पेशे से इलेक्ट्रिशियन अफ्सार की नजर तुरंत खतरे पर गई ।

## जन्माष्टमी पर गौमांस काटा...2 युवक गिरफ्तार:तखतपुर में हिंदू संगठन ने पकड़कर पीटा, पुलिस ने भारी मात्रा में गौमांस किया बरामद

बिलासपुर,19 अगस्त ( एजेंसी )। बिलासपुर जिले के तखतपुर में कृष्ण जन्माष्टमी पर वार्ड क्रमांक 5 में दो युवकों पर गौमांस काटने और पकाने का आरोप लगा। हिंदू संगठनों ने पकड़कर उनकी पिटाई कर दी, फिर शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना तखतपुर थाना इलाके की है।दरअसल, शनिवार को हिंदू संगठनों को गुप्त सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 5 में कुछ लोग घर के अंदर गौमांस काट रहे हैं। उसे पका भी रहे हैं। सूचना पर संगठन के कार्यकर्ता कोमल सिंह ठाकुर और आयुष ठाकुर अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।आरोप संजय खेस और शाहूल मसीह पर है। कहा जा रहा है कि वे गौमांस बेचने की तैयारी भी कर रहे थे। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस ने किया गिरफ्तारथाना प्रभारी अनिल अग्रवाल टीम के साथ मौके पर



पहुंचे। संजय खेस के घर से भारी मात्रा में गौमांस जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के लोग और स्थानीय नागरिक थाने पहुंच गए। कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। पहले भी पकड़ा जा चुका है संजय खेसआरोपी संजय खेस का यह पहला मामला नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, वह पहले भी गौमांस बेचते पकड़ा जा चुका है। संगम नगर में भी इसी आरोप में उसे जेल भेजा गया था। उस समय तखतपुर में बड़े पैमाने पर आंदोलन हुआ था। अब दोबारा उसी आरोपी का नाम सामने आने से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया है।पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, 19अगस्त ( एजेंसी )। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस को एक बड़ी सफ्लता मिली है। पुलिस ने एक बदमाश प्रवृत्ति के युवक को अवैध चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है।दिनांक 15 अगस्त 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लाखेनगर चौक, बिजली ऑफ्सि के पास एक संदिग्ध युवक अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना गंभीर होने के कारण थाना पुरानी बस्ती की पुलिस तत्काल मौके पर रवाना हुई।

## शब्द सामर्थ्य -054

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |


**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# एशिया कप में दिखेगा जसप्रीत बुमराह का जलवा, टीम में चयन हुआ पक्का? खुद के उपलब्ध रहने की दी जानकारी

नई दिल्ली ,19 अगस्त ( एजेंसी )। बुमराह ने कुछ दिनों पहले चयनकर्ताओं से बात की थी और अगले महीने यूएई में होने वाले एशिया कप में खेलने की जानकारी दी थी।भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह ने कुछ दिनों पहले चयनकर्ताओं से बात की थी और इस टूर्नामेंट में खेलने की जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 अगस्त को मुंबई में बैठक करेगी और एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनेगी।

एशिया कप का आयोजन यूएई में नौ से 28 सितंबर तक होगा। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। सूत्रों ने कहा, बुमराह ने चयनकर्ताओं को बताया है कि वह एशिया कप के लिए उपलब्ध रहेंगे। जब चयन समिति के सदस्य अगले सप्ताह बैठक करेंगे तो वे इस पर चर्चा करेंगे।



इंग्लैंड दौरे पर बुमराह ने खेले थे तीन मैच मालूम हो कि बुमराह कार्यभार प्रबंध के चलते इंग्लैंड दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच में ही खेले थे। उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले रिलीज कर दिया गया था। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह पहले टेस्ट मैच में खेले, जबकि दूसरे टेस्ट मैच से उन्हें आराम दिया गया। इसके बाद उन्होंने तीसरे और चौथे टेस्ट मैच में हिस्सा लिया, जबकि पांचवें टेस्ट मैच में नहीं खेले। टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह ने कुल 119.4 ओवर गेंदबाजी की और दो बार फाइव विकेट हॉल लिए। लंबे समय बाद टी20 टीम में नजर आएंगे बुमराह एशिया कप का आयोजन इस बार टी20 प्रारूप में होना है इसलिए बुमराह को लंबे स्पैल नहीं करने होंगे और टीम प्रबंधन के पास यह विकल्प भी होगा कि उन्हें किस मैच में आराम देना है। एशिया कप की शुरुआत और बुमराह के आखिरी बार खेलने में 40 दिनों का अंतराल होगा। बुमराह ने भारत के लिए आखिरी बार टी20 मुकाबला पिछले साल टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराया था। बुमराह ने उस मैच में 18 रन देकर दो विकेट लिए थे। कुछ दिनों पहले यूएई पहुंचेगी टीमभारतीय टीम एशिया कप के लिए जल्द ही यूएई पहुंचेगी। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी बिना मैच अभ्यास के एशिया कप में जाएंगे जिस कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने टीम प्रबंधन से पूछा है कि क्या वे बंगलूरू में छोटा शिविर करना चाहेंगे। हालांकि, टीम प्रबंधन का मानना है कि थोड़ा पहले यूएई पहुंचना अच्छा रहेगा जिससे खिलाड़ी परिस्थितियों में ढल सकें। सूत्र ने कहा, शिविर लगाने के बजाय, टीम तीन-चार दिन पहले ही उड़ान भरेगी जिससे टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें अच्छा अभ्यास मिल सके।

## पंत के चोटिल होने के बाद बीसीसीआई ने किया बड़ा बदलाव, घरेलू टूर्नामेंट में समान चोट स्थानापन्न नियम लागू

नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। बीसीसीआई आगामी घरेलू सीजन से नया नियम लागू करने जा रहा है जिससे अगर कई दिनों तक चलने वाले घरेलू टूर्नामेंट में कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल होता है तो उसकी जगह टीम स्थानापन्न खिलाड़ी को शामिल कर सकती है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने अपनी प्लेइंग कंडीशंस में बड़ा बदलाव किया है। बीसीसीआई आगामी घरेलू सीजन से नया नियम लागू करने जा रहा है जिससे अगर कई दिनों तक चलने वाले घरेलू टूर्नामेंट में कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल होता है तो उसकी जगह टीम को गंभीर चोट स्थानापन्न खिलाड़ी की अनुमति मिलेगी। हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स चोटिल हुए थे जिसके बाद बोर्ड ने यह फैसला लिया है।

बीसीसीआई ने राज्य संघों को नियम से कराया अवगत

बीसीसीआई ने राज्य संघों को नए नियम से अवगत कराते हुए कहा, अगर किसी खिलाड़ी को संबंधित मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है तो निम्नलिखित परिस्थितियों में स्थानापन्न खिलाड़ी की अनुमति दी जा सकती है। यह गंभीर चोट खेल के दौरान और अनुच्छेद 1.2.5.2 में वर्णित खेल क्षेत्र के भीतर लगी होनी चाहिए। चोट किसी बाहरी झटके के कारण लगी होनी चाहिए और इसके परिणामस्वरूप फ्रैक्चर या गहरा कट आदि हुआ हो। इस चोट के कारण खिलाड़ी बचे मैच के लिए अनुपलब्ध हो जाना चाहिए।

घरेलू सीजन से लागू होगा नियम

यह नियम सीनियर और जूनियर घरेलू टूर्नामेंटों के बहु-दिवसीय मुकाबलों में लागू होगा। इसकी शुरुआत 28 अगस्त से दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 सीके नायुडू ट्रॉफी से होगी। मालूम हो कि पंत को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जबकि वोक्स को पांचवें टेस्ट में कंधे पर चोट लगी थी। इससे क्रिकेट सर्किल में यह चर्चा तेज हो गई थी कि अगर खिलाड़ी को गंभीर चोट लगी है तो टीम को रिप्लेसमेंट मिलना चाहिए। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर इसके पक्ष में थे, जबकि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने इसका विरोध किया था। हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) की इस पर मुहर लगनी जरूरी है।बीसीसीआई ने राज्य संघों को नियम से कराया अवगत

बीसीसीआई ने राज्य संघों को नए नियम से अवगत कराते हुए कहा, अगर किसी खिलाड़ी को संबंधित मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है तो निम्नलिखित परिस्थितियों में स्थानापन्न खिलाड़ी की अनुमति दी जा सकती है। यह गंभीर चोट खेल के दौरान और अनुच्छेद 1.2.5.2 में वर्णित खेल क्षेत्र के भीतर लगी होनी चाहिए। चोट किसी बाहरी झटके के कारण लगी होनी चाहिए और इसके परिणामस्वरूप फ्रैक्चर या गहरा कट आदि हुआ हो। इस चोट के कारण खिलाड़ी बचे मैच के लिए अनुपलब्ध हो जाना चाहिए।

## करुण नायर ने बताया, इंग्लैंड दौरे से क्या सीखा सबक अच्छी शुरुआत को नहीं भुना पाने पर दिया बयान

नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई थी और उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए चुना गया था।

भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने स्वीकार किया है कि इंग्लैंड दौरे पर उनकी सबसे बड़ी निराशा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाना रहा। नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई थी और उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए चुना गया था। हेंडिग्ले में खेले गए पहले मैच के लिए नायर को जब प्लेइंग-11 में शामिल किया गया तो उन्होंने 3006 दिनों बाद भारत के लिए अपना पहला टेस्ट खेला था। हालांकि, उनके लिए वापसी सुखद नहीं रही थी और वह पहली पारी में शून्य और दूसरी पारी में 20 रन बनाकर आउट हुए थे। करुण ने इंग्लैंड दौरे पर आठ पारियों में 25.62 के औसत से 205 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान एकमात्र अर्धशतक ( 57 रन ) द ओवल मैदान में जड़ा। नायर ने इस अर्धशतकीय पारी के अलावा 40, 31, 26 और 21 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन वे इन पारियों को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे थे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की यह सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। करुण ने कहा, अच्छी शुरुआत के बाद विकेट गंवाना नहीं था। ऐसा नहीं था कि मैं कुछ साबित करने की कोशिश कर रहा था।

## एशिया कप के लिए चयन समिति की बैठक से पहले भारत को मिली खुशखबरी, सूर्यकुमार ने पास किया फिटनेस टेस्ट



नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। भारत के टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बंगलूरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है।एशिया कप के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की बैठक से पहले भारत को खुशखबरी मिली है। भारत के टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बंगलूरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। सूर्यकुमार आखिरी बार आईपीएल में खेलते नजर आए थे और उनकी जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन में एशिया कप के लिए चयन समिति की बैठक होगी जिसमें इस टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन किया जाएगा। अगले महीने होना है एशिया कप एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई ) में होना है। भारत इस टूर्नामेंट में 10 सितंबर को अपने अभियान की शुरुआत यूएई के खिलाफ करेगा। भारत का इसके बाद 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ होगा। सूर्यकुमार ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था और कुल 717 रन बनाए थे। वह सचिन तेंदुलकर के बाद मुंबई इंडियंस के लिए एक आईपीएल सीजन में 600 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे।

आईपीएल में जमकर गरजा था सूर्यकुमार का बल्ला सूर्यकुमार ऑरेंज कैप जीतने वाले गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ( 759 ) के बाद आईपीएल 2025 में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। मुंबई ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया था जहां उन्होंने एलिमिनेटर में गुजरात को हराया था, लेकिन क्वालिफायर-2 में उन्हें पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने टी20 मुंबई लीग में हिस्सा लिया जहां पांच पारियों में 122 रन बनाए। यह स्पष्ट नहीं था कि उन्हें उसी दौरान हर्निया का दर्द उठा या नहीं। सूर्यकुमार की 2023 में टखने की सर्जरी और स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन भी हुआ था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, सर्जरी के बाद दोबारा खेलने के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य है और सूर्यकुमार ने इस टेस्ट को पास कर लिया है।

# व्यापार

## अमेरिकी टैरिफ से तमिलनाडु पर असर पड़ने की आशंका, स्टालिन ने पीएम मोदी से मांगा विशेष राहत पैकेज

नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भारतीय निर्यात पर अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए शुल्क से उद्योग और रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सरकार से विशेष वित्तीय राहत पैकेज देने की मांग की।सरकार के प्रयासों की सरहाना कीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि पैकेज में मूलधन चुकाने पर कुछ समय के लिए रोक दी जानी चाहिए। उन्होंने अमेरिका के साथ परस्पर लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सरकार के रुख को पूरा समर्थन भी दिया। तमिलनाडु दूसरे भारतीय राज्यों की तुलना में टैरिफ से होगा अधिक प्रभावितस्टालिन ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 433.6 अरब डॉलर के कुल वस्तु का निर्यात किया था। इसमें



से 20 प्रतिशत अमेरिका की हिस्सेदारी थी। वहीं तमिलनाडु के 52.1 अरब डॉलर के कुल वस्तु निर्यात का 31 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात किया गया था। उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि अमेरिकी बाजार पर इस उच्च निर्भरता का मतलब है कि तमिलनाडु पर टैरिफ का प्रभाव दूसरे भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक होगा। इस टैरिफ का राज्य के विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इन क्षेत्रों और नौकरियों पर मंडरा रहा खतरासबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं वस्त्र, परिधान, मशीनरी, ऑटो घटक, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद और रसायन, ये सभी श्रम-प्रधान क्षेत्र हैं, जहां निर्यात में किसी भी मंदी का परिणाम बड़े पैमाने पर छंटनी के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि 2024-2025 में देश के कपड़ा निर्यात में दक्षिणी राज्य का योगदान 28 प्रतिशत रहा। यह सभी भारतीय राज्यों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लगभग 75 लाख लोग कार्यरत हैं और प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ के साथ, अनुमानित 30 लाख नौकरियां तत्काल खतरे में हैं।तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोधमुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु का फलता-फूलता विनिर्माण क्षेत्र पहले कभी न देखे गए संकट का सामना कर रहा है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोगों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। इसलिए, मैं संबंधित मंत्रालयों और उद्योग हितधारकों के परामर्श से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं।न्होंने अमेरिका के साथ परस्पर लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सरकार के रुख को पूरा समर्थन भी दिया।तमिलनाडु दूसरे भारतीय राज्यों की तुलना में टैरिफ से होगा अधिक प्रभावितस्टालिन ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 433.6 अरब डॉलर के कुल वस्तु का निर्यात किया था। इसमें से 20 प्रतिशत अमेरिका की हिस्सेदारी थी। वहीं तमिलनाडु के 52.1 अरब डॉलर के कुल वस्तु निर्यात का 31 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात किया गया था। उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि अमेरिकी बाजार पर इस उच्च निर्भरता का मतलब है कि तमिलनाडु पर टैरिफ का प्रभाव दूसरे भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक होगा। इस टैरिफ का राज्य के विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इन क्षेत्रों और नौकरियों पर मंडरा रहा खतरासबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं वस्त्र, परिधान, मशीनरी, ऑटो घटक, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद और रसायन, ये सभी श्रम-प्रधान क्षेत्र हैं, जहां निर्यात में किसी भी मंदी का परिणाम बड़े पैमाने पर छंटनी के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि 2024-2025 में देश के कपड़ा निर्यात में दक्षिणी राज्य का योगदान 28 प्रतिशत रहा। यह सभी भारतीय राज्यों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लगभग 75 लाख लोग कार्यरत हैंऔर प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ के साथ, अनुमानित 30 लाख नौकरियां तत्काल खतरे में हैं।तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोधमुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु का फलता-फूलता विनिर्माण क्षेत्र पहले कभी न देखे गए संकट का सामना कर रहा है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोगों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। इसलिए, मैं संबंधित मंत्रालयों और उद्योग हितधारकों के परामर्श से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं।

## जीएसटी में सुधार से उपभोक्ताओं व एमएसएमई को बड़े फायदे की उम्मीद

नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर जानकारों का कहना है कि इस सुधार से उपभोक्ताओं की जेब में अधिक पैसा आएगा और यह मांग को प्रोत्साहित करेगा। दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी में कटौती और कर स्लैब को सरल बनाने के कदम से छोटे व्यापारियों, एमएसएमई और खुदरा क्षेत्र को बहुत फायदा होगा।प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी सुधार प्रस्ताव को लेकर उद्योग जगत ने अलग-अलग प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में घोषणा की कि सरकार जीएसटी के प्रावधानों पर पुनर्विचार करेगी और ढांचे में सुधार करेगी। स्लैब दरों में बदलाव का प्रस्तावकेंद्र ने जीएसटी दरों के 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के मौजूदा स्लैब को खत्म करने और केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी दरें रखने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत 12 प्रतिशत स्लैब में से 99 प्रतिशत को 5 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही 28 प्रतिशत स्लैब में से 90 प्रतिशत वस्तुओं को 18 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा हानिकारक व लक्जरी वस्तुओं पर 40 स्लैब बनाए जाने की संभावना है।जीएसटी सुधार से उपभोक्ताओं की जेब में अधिक




पैसा आएगाइंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ( आईसीईए ) के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने कहा कि यह प्रतिबद्ध था कि जीएसटी से आम जनता पर कर नहीं बढ़ेगा, लेकिन मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कुछ क्षेत्रों में कर बढ़ गया है। कम स्लैब में समग्र युक्तिकरण बहुत तेजी से हो रहा है, क्योंकि हमें 2047 तक विकसित भारत के लिए तैयारी करनी है। जीएसटी सुधार से उपभोक्ताओं की जेब में अधिक पैसा आएगा और यह मांग को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही यह उद्योग और उपभोक्ताओं के लिए अच्छा होगा।जीसएटी लागू हुए आठ वर्ष हो चुकेअर्थशास्त्री वेद जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री की घोषणा यह थी कि जीएसटी लागू हुए आठ वर्ष हो चुके हैं और हमारे पास अनुभव है। संग्रह में सुधार हुआ है, डेटा विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग किया जा रहा है। चूंकि हमने वैट से जीएसटी में संक्रमण किया था, इसलिए सरकार अनिश्चित थी कि इसका क्या परिणाम होगा और कितना संग्रह होगा, इसलिए सरकार ने चार कर स्लैब - 6, 12, 18 और 28 के साथ जाने का निर्णय लिया। आठ वर्षों के बाद, कर दरों की संख्या कम होनी चाहिए और अब दो कर दरें होने की संभावना है। यह सुधार आने वाले वर्षों के लिए लाभकारी पीएचडीसीसीआई के सीईओ एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा कि अक्टूबर तक लागू होने वाले जीएसटी सुधार आने वाले वर्षों में देश के लिए लाभकारी होंगे।एमएसएमई और छोटे व्यापारियों को मिलेगा लाभभाजपा सांसद और अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ( सीएआईटी ) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी में कटौती और कर स्लैब को सरल बनाने के कदम से छोटे व्यापारियों, एमएसएमई और खुदरा क्षेत्र को बहुत फायदा होगा, साथ ही त्योहारी सीजन से पहले अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

## फ्लाइट अटेंडेंट्स की हड़ताल से एयर कनाडा का परिचालन ठप, हजारों यात्री हुए प्रभावित

नई दिल्ली,19 अगस्त ( एजेंसी )। 10,000 से अधिक फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल से एयर कनाडा की हवाई सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। इस पूर्ण शटडाउन से प्रतिदिन लगभग 1,30,000 लोग प्रभावित होंगे, और प्रतिदिन लगभग 25,000 कनाडाई विदेश में फंस सकते हैं। एयर कनाडा प्रतिदिन लगभग 700 उड़ानें संचालित करता है।एयर कनाडा फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल के कारण शनिवार को एयरलाइन ने सभी परिचलन निलंबित कर दिए हैं। इसने गर्मियों के चरम सीजन में हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाओं को प्रभावित किया। कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के प्रवक्ता ह्यूग पोलियट ने बताया कि समझौता न होने के बाद एयरलाइन के 10,000 से अधिक फ्लाइट अटेंडेंट हड़ताल पर चले गए। संघ ने मध्यस्थता के प्रस्ताव को किया अस्वीकारकनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन और उसके 10,000 फ्लाइट अटेंडेंटों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच अनुबंध को लेकर तीखी लड़ाई शुक्रवार को बढ़ गई। संघ



ने एयरलाइन के सरकार द्वारा निर्देशित मध्यस्थता में प्रवेश करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इससे हड़ताल करने का उसका अधिकार समाप्त हो जाता और तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को नए अनुबंध की शर्तों को तय करने की अनुमति मिल जाती। क्यों हो रहा विवाद?एयर कनाडा और कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के बीच लगभग आठ महीने से अनुबंध पर बातचीत चल रही है, लेकिन वे अभी तक किसी अस्थायी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं। दोनों पक्षों का कहना है कि वेतन और विमान के उड़ान न होने पर फ्लाइट अटेंडेंट द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक कार्य के मुद्दे पर उनके बीच मतभेद हैं। परिचलान दोबारा शुरू करने में लग सकता है एक सप्ताह का समयशनिवार को फ्लाइट अटेंडेंट काम छोड़कर चले गए। इसके बाद एयर कनाडा ने कहा कि वह फ्लाइट अटेंडेंट को हवाई अड्डों से बाहर करना शुरू कर देगा।

## क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड से भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने की उम्मीद, बीओबी के अर्थशास्त्री का दावा

नईदिल्ली ,19 अगस्त ( एजेंसी )। । बीओबी की अर्थशास्त्री सोनल बधान के अनुसार क्रेडिट रेंटिग अपग्रेड किए जाने के बाद भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार और कॉरपोरेट दोनों के लिए उधार लेने की लागत कम होगी। एसएंडपी द्वारा हाल ही में क्रेडिट रेंटिग अपग्रेड किए जाने के बाद भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह में तेजी आने की संभावना है। बैंक ऑफ बड़ौदा ( बीओबी ) की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के लिए उधार लेने की लागत में भी कमी आने की उम्मीद है। ऋण बाजार को लाभ मिलने की संभावनाबधान ने कहा कि इस अपग्रेड से भारत की 'मजबूत बुनियाद' और 'विकास गति' पर भरोसा बढ़ा है। इससे विदेशी पूंजी निवेश पर अल्पकाल और दीर्घकाल दोनों में सकारात्मक असर पड़ेगा। इस वर्ष एफपीआई निवेश में वृद्धि और बॉन्ड यील्ड में गिरावट की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार और कॉरपोरेट दोनों के लिए उधार लेने की लागत कम होगी।

# कोरबी सर्किल में हाथियों ने डाला डेरा, ग्रामीणों में दहशत

## 41 हाथियों का झुंड पहुंचा घोघानाला सिटीपखना



कोरबा (छ.ग.गौरव)। वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हाथियों ने इस क्षेत्र को अपना पसंदीदा जगह बना लिया है। यही वजह है कि हाथियों का दल पड़ोस के जंगलों में जाने के बाद पुनः लौट आते हैं और क्षेत्र में डेरा डाल देते हैं। इन दिनों हाथियों के दल ने रेंज के कोरबी सर्किल को अपना अड्डा बनाया है। यहां कोदवारी तथा पोड़ीखुर्द के रास्ते हाथियों का दो दल पहुंचा है और सर्किल के खुरूपारा में एक साथ मिलकर डेरा डालने के बाद बीती रात दो दंतैल हाथियों को छोडक़र शेष 41 हाथी घोघानाला सिटीपखना की ओर रूख कर लिया है।

हाथियों ने घोघानाला पहुंचने से पहले रास्ते में अनेक किसानों की धान की फसल को रौंद दिया है जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के आने तथा विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन विभाग ने हाथियों की निगरानी बढ़ा दी है। मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे की मदद से हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वन अमले की यह कोशिश है कि हाथियों का दल जंगल ही जंगल विचरण करता रहे और आबादी वाले क्षेत्रों में न पहुंचने पाए, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। हाथियों के नुकसान से पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन करने में जुट गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों ने ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रुपए की चपत लगी है। हालांकि वास्तविक स्थिति सर्वे के पश्चात् ही स्पष्ट हो सकेगी। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शासन की ओर से हाथियों के उत्पात से पीड़ित लोगों को मुआवजा देने का प्रावधान है जिसके तहत पीड़ितों को राहत दी जाती है। हाथियों के सिटीपखना की ओर जाने की संभावना है जिसे देखते हुए सिटीपखना व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों को बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की जाने की जानकारी देते हुए कहा जा रहा है कि वे हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल तथा हाथियों से दूरी बनाए रखे। किसी भी स्थिति में हाथियों को देखने की चेष्टा न करें।

# ट्रेलर और हाइवा में जोरदार भिड़ंत, दो घायल

## सर्वमंगला पुल मार्ग पर हुआ हादसा




कोरबा (छ.ग.गौरव)। कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत सर्वमंगला पुल के पास दो भारी वाहनों में आमने सामने भीषण टक्कर हो गई, जिसमें दोनो ही वाहन के चालकों को गंभीर चोट लगी है। जिन्हे सर्वमंगला चौकी पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार कोरबा कुसमुंडा मार्ग में सर्वमंगला पुल को पार करते ही सर्वमंगला चौकी प्रवेश द्वार के ठीक सामने दो भारी वाहनों में भीषण भिड़ंत हो गई। सोमवार रात्रि लगभग 11 बजे ट्रेलर सीजी 10 बीओ 0487 राताखार की ओर से आ रही थी और हाइवा क्रमांक सीजी 11 बीई 6201 कुसमुंडा की ओर से कोरबा जा रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों चालकों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना पर सर्वमंगला चौकी पुलिस ने दोनों वाहनों के चालकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे में वाहनों के केबिन के परखच्चे उड़ गए। वहीं हादसे की वजह ओवर स्पीड को बताई जा रही है।

# विवाहित महिलाओं को मंगलसूत्र बाली पहनने की रहेगी छूट

## व्यापमं भर्ती परीक्षा के लिए नई गाइडलाइन




कोरबा (छ.ग.गौरव)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) की ओर से आगामी भर्ती परीक्षाओं से संबंध में नई गाइडलाइन जारी की गई है। पीएससी भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों और व्यापम की भर्ती परीक्षा में बिलासपुर में हाईटेक तरीके से नकल करते पकड़े अभ्यर्थियों के कारण गाइडलाइन जारी करना पड़ा है। जारी गाइडलाइन के अनुसार, विवाहित महिलाओं को मंगलसूत्र, नाक में बाली पहनने की छूट दी गई है। इसके अलावा काले, गहरे हरे, नीले समेत अन्य रंग के कपड़े पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी जूता पहनकर परीक्षा नहीं दे सकते हैं। महिलाओं को भी ऊंची हील्स की सैंडल पहनने मना है। इसके साथ ही अभ्यर्थी कार्गो अथवा अन्य डिजाइनर कपड़े पहन कर नहीं आ सकते हैं। हाफ शॉर्ट-टीशर्ट पहनने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों को भी हाफ बांह के सलवार सूट, ब्लाउज पहनकर आना होगा। व्यापमं द्वारा पीडब्ल्यूडी की परीक्षा के दौरान बिलासपुर के सरकंडा रामदुलारे स्कूल में एक युवती नकल करते पकड़ी गई थी। युवती ने नकल करने के लिए हाईटेक उपकरणों का उपयोग किया था। आरोपी युवती की छोटी बहन परीक्षा केंद्र के बाहर ऑटो रिक्शा में बैठकर उसे वॉकी-टॉकी के माध्यम से उत्तर बता रही थी। परीक्षा में शामिल युवती केंद्र के भीतर ढीले कपड़े पहनकर गई थी और उपकरण अपने कपड़े और शरीर में चिपकाया था। इस घटना और ऐसी ही अन्य घटनाओं से प्रभावित होकर सीजीपीएससी की ओर से यह नई गाइडलाइन जारी की है।

# पावर कंपनी में ई-ऑफिस सिस्टम से होगा कामकाज का निपटारा

## फाइलों का अनुमोदन आनलाइन कर सकेंगे अधिकारी



कोरबा (छ.ग.गौरव)। छत्तीसगढ राज्य बिजली कंपनी के कार्यालयों में अब ई-ऑफिस सिस्टम के अंतर्गत कामकाज का निपटारा किया जाएगा। बिजली कंपनी के सभी विभागों में ई-आफिस सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत कंपनी के विभागों में अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय की सभी फाइलों का अनुमोदन अधिकारी कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से आनलाइन कर सकेंगे। यह बहुत सरल प्रभावी और आसान है। इसे अब पॉवर कंपनी के सभी विभागों में भी अपनाया जाएगा। अधिकारी कहीं भी हों फाइलों को अपने कंप्यूटर या लैपटॉप से निराकृत कर सकेंगे। इसमें समय या फिर भौतिक रूप से मोटी-मोटी फाइल लाने ले जाने की झंझट भी नहीं रहेगी।

बिजली कंपनी में ई-ऑफिस सिस्टम ऑफिस को लेकर कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव ने मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर इसकी घोषणा की। इस दौरान बिजली उत्पादन कंपनी के एमडी एसके कटियार सहित वितरण व ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही अब बिजली कंपनी के विभिन्न विभागों में इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि शासन ने मंत्रालय में ऑनलाइन फाइल अनुमोदित करने का सिस्टम पहले से ही बनाया है। यही कारण है कि अब बिजली कंपनियों में भी इसे अपनाने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। इससे कार्यालय स्तर पर किए जाने वाले कार्यों में तेजी आएगी और समय की भी बचत होगी। वर्तमान में बिजली कंपनी के कई फाइलों पर स्वीकृति के लिए बिजली उत्पादन, वितरण और ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी कंपनी मुख्यालय रायपुर की दौड़ लगाते है। फाइलों को लाने ले जाने के लिए कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाती है। इससे एक तरफ जहां कर्मचारियों पर फाइलों को समय पर पहुंचाने का दबाव रहता है, वहीं कोरबा से बिजली कंपनी मुख्यालय तक आने- जाने के लिए लंबी यात्रा भी करनी पड़ती है।

### दस्तावेज और कागजों के लगे हैं ढेर

प्रमुख रूप से पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में विभागों को जल्द ही पुराने सामग्रियों व दस्तावेजों के निस्तारण के लिए मैनुअल बनाने के लिए कहा गया है ताकि उन्हें डिजिटल करके सुरक्षित रखा जा सके। सभी दफ्तरों में पुराने अनावश्यक दस्तावेज और कागजों के ढेर लगे रहे हैं। इनका निराकरण दो अक्टूबर के पहले करने के लिए कहा गया है। इससे काम आसान होने के साथ ही ऑफिस को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकेगा। दूसरे कंपनियों में भी इसके लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए कहा गया है।

# डॉ महंत, जयसिंह, पुरुषोत्तम और केरकेट्टा पहुंचे रजकम्मा

## विशेषर अग्रवाल के मातृशोक पर दी श्रद्धांजलि



कोरबा (छ.ग.गौरव)। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, मोहित राम केरकेट्टा सहित कांग्रेस महासचिव प्रशांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष ग्रामीण मनोज चौहान, पूर्व मंडी अध्यक्ष राम नारायण कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत लाल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष विशेषर अग्रवाल (पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पाली) के निवास स्थान ग्राम रजकमा पहुंचकर उनके मातृ शोक पर शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि श्री अग्रवाल की माता सावित्री देवी अग्रवाल का विगत दिनों आकस्मिक देहावसान हो गया था। दिग्गज कांग्रेस नेताओं ने विशेषर अग्रवाल के निवास पहुँच कर उनकी माता सावित्री देवी अग्रवाल के स्वर्गवास पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अग्रवाल परिवार के परिजनों से भेंट करते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए शोकाकुल अग्रवाल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने भी शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# प्रदेश के हर जिले में खड़ा किया जाएगा मजबूत संगठन

## दिल्ली के आप विधायक मुकेश अहलावत की पत्रकारवार्ता




कोरबा (छ.ग.गौरव)। आम आदमी पार्टी आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी में है। दिल्ली विधानसभा के उप नेता एवं विधायक मुकेश अहलावत ने सोमवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर जिले में मजबूत संगठन खड़ा किया जाए। इसी उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन कर जिले-दर-जिले कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जा रही है।

अहलावत ने बताया कि आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी, बल्कि अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की वजह से पार्टी छत्तीसगढ़ में चुनाव नहीं लड़ पाई थी, जिससे कार्यकर्ता निराश हो गए थे और पार्टी की गतिविधियां भी धीमी पड़ गई थीं।

उन्होंने कहा कि अब पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में संगठन को नए सिरे से तैयार किया जाए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का अभियान चल रहा है। अहलावत ने कहा कि वे स्वयं प्रदेश का दौरा कर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं और संगठनात्मक ढांचा मजबूत किया जा रहा है। अहलावत ने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की पकड़ दिन-ब-दिन मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छ राजनीति जैसे मुद्दों पर आम आदमी पार्टी यहां भी जनता का विश्वास जीतने में सफल होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पार्टी की योजना है कि जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए और एक सशक्त संगठन तैयार हो। उनका दावा है कि आने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता को आम आदमी पार्टी एक मजबूत विकल्प के रूप में नजर आएगी।

# मछली पकड़ने गया ग्रामीण डूबा, दो दिन बाद मिला शव

कोरबा (छ.ग.गौरव)। जिले के मोरगा चौकी क्षेत्र में मदनपुर गांव के 42 वर्षीय रामकुमार मरकाम की मोनासी नदी में डूबने से मौत हो गई। 15 अगस्त को दोपहर करीब 12:30 बजे रामकुमार मछली पकड़ने के लिए नाव से नदी में गए थे। नदी के बीच पहुंचने पर अचानक जल स्तर बढ़ गया। धीरे-धीरे नाव में पानी भरने लगा। नाव का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई। रामकुमार तैरकर बाहर नहीं निकल पाए और नदी में डूब गए। आसपास के लोगों ने यह देखा और स्थानीय लोगों को सूचना दी। परिजनों ने तुरंत मोरगा चौकी पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस टीम ने गोताखोरों की मदद से दो दिनों तक नदी में खोजबीन की। आखिरकार रामकुमार का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि परिजनों का बयान दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। मृतक के परिवार में पत्नी, बच्चे और माता-पिता हैं।

## नहीं रहे इंटक नेता बालेश्वर झा



कोरबा। भारत अल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के सेवानिवृत अधिकारी बालेश्वर झा पिता स्व. मूरत लाल झा का सोमवार को मेदांता हॉस्पिटल पटना बिहार में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। मूलतः बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के ग्राम पड़ेयां बथना पोस्ट गरहुंआ निवासी बालेश्वर झा वर्ष 2003 में सेवानिवृत हुए थे। वे छत्तीसगढ़ एवं अविभाजित मध्य प्रदेश राज्य में प्रमुख श्रमिक संगठन इंटक में लंबे समय तक अनेक वरिष्ठ पदों पर पदस्थ रहे। वह अपने पीछे पत्नी हीरामणि झा, दो पुत्र अरविंद कुमार व आलोक झा समेत पुत्री जयंती मिश्रा को छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को गंगा घाट हाजीपुर बिहार में किया गया।

# कॉलेजों में प्राइवेट में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

## रेगुलर में छूटे छात्र फार्म भर कर 9 तक ले सकते हैं एडमिशन



कोरबा (छ.ग.गौरव)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों में प्राइवेट में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया है। प्राइवेट प्रवेश के इच्छुक छात्र 31 अगस्त तक यूनिवर्सिटी के पोर्टल पर जाकर फार्म भर सकते हैं।

फार्म भरने के बाद छात्र 2 सितंबर तक संबंधित कॉलेज में सभी दस्तावेजों के साथ फार्म जमा करेंगे। इसके बाद कॉलेज 8 सितंबर तक दस्तावेजों की जांच कर उन्हें विश्वविद्यालय को भेज देंगे। गौरतलब है कि 14 अगस्त तक सत्र 2025-26 के लिए रेगुलर छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं 16 अगस्त से विश्वविद्यालय ने प्राइवेट छात्रों के लिए पोर्टल शुरू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब प्राइवेट छात्रों को भी नियमित विद्यार्थियों की तरह कई नियमों का पालन करना होगा।

### एनईपी के तहत नए नियम और व्यवस्था

उच्च शिक्षा विभाग ने प्राइवेट छात्रों के लिए परीक्षा संबंधी नए नियम बनाए हैं। अब प्राइवेट छात्रों को भी साल में दो बार परीक्षा देनी होगी। इसके अलावा आंतरिक (इंटर्नल) परीक्षा और असाइनमेंट अनिवार्य होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर में 20-20 अंकों के दो इंटर्नल एग्जाम होंगे और एक 10 अंकों का असाइनमेंट भी दिया जाएगा। छात्रों को इन आंतरिक परीक्षाओं और असाइनमेंट में पास होना जरूरी होगा, तभी वे मुख्य सेमेस्टर परीक्षा दे सकेंगे।

# पावर प्लांट हादसा मामले में जिम्मेदारों पर अपराध दर्ज

कोरबा (छ.ग.गौरव)। पावर प्लांट में कार्य के दौरान करंट लगने से झुलसे ठेका मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने ठेका कंपनी के पदाधिकारी समेत जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दर्री थाना अंतर्गत बिजली कंपनी के एचटीपीपी प्लांट में 7 अगस्त की सुबह 10.30 बजे घटना हुई थी, जहां काम करते समय ठेका मजदूर सुरेंद्र साहू (35) निवासी अयोध्यापुरी (दर्री) व इंजीनियर आकाश कुजूर गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें रायपुर के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था।यहां 8 दिन तक उपचार के बाद शुक्रवार सुबह सुरेंद्र की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन ने मामले में घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की थी। दर्री पुलिस ने मामले में मर्ग डायरी मिलने के बाद जांच की। इसमें मेमर्स जीनेक्श इंफ्रा इस्ट्रक्चर कंपनी के पदाधिकारी व जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक (उपेक्षापूर्ण) व बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य कराने से कार्य के दौरान मृत्यु के मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक किशोर शर्मा द्वारा कावेरी प्रिंटर्स, सी-35,प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित संपादक किशोर शर्मा, पंजीयन क्रमांक 7585/61 फोन नं. 07759-